RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School
imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

पेज 7 मैकग्रेगर से स्टंट सीख ...

वर्ष : 26 अंक : 44 website:www.chetnamanch.com नोएडा, रविवार, 04 फरवरी, 2024 Chetna Manch Chetna Manch मूल्य 2.00 रुपया पेज: 8

X पर सबसे अधिक फॉलोवर वाले मुख्यमंत्री बने योगी आदित्यनाथ

फॉलोवर की संख्या 27.4 मिलियन

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री बन गए हैं। एक्स पर फॉलोअर्स की संख्या के मामले में देश के सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों की फेहरिस्त में योगी आदित्यनाथ पहले नंबर पर हैं जबकि देश में एक्स पर राजनेताओं के फॉलोअर्स की श्रेणी में सीएम योगी का तीसरा स्थान है।

योगी आदित्यनाथ के निजी एक्स अकाउंट (@myogiadityanath) पर फॉलोवर की संख्या 27.4 मिलियन का आंकड़ा पार हो गई है. राजनेताओं के पर्सनल एक्स अकाउंट के मामले में अब योगी आदित्यनाथ से आगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह हैं. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब फॉलोअर्स की रेस में सीएम योगी से पिछड़ गए हैं।

मुख्यमंत्री योगी की सोशल मीडिया पर लोकप्रियता का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से वह काफी आगे हैं. एक्स पर राहुल गांधी के 24.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं. अखिलेश यादव के 19.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

पर्सनल ऑफिस अकाउंट देश में सबसे आगे

योगी आदित्यनाथ के व्यक्तिगत एक्स अकाउंट के अलावा उनका पर्सनल ऑफिस अकाउंट (@myogioffice) भी काफी लोकप्रिय है और एक करोड़ से ज्यादा लोग उससे जुड़े हैं। सीएम योगी का पर्सनल ऑफिस अकाउंट देश का सबसे बड़ा पर्सनल ऑफिस अकाउंट है। इसे फॉलो करने वालों की संख्या 10 मिलियन (01 करोड़) से अधिक है. इस अकाउंट की शुरुआत जनवरी 2019 में हुई थी. तब से लगातार लोग इस अकाउंट से जुड़ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ अपनी कार्यशैली और तेज-तर्रार निर्णयों के कारण पूरे देश में लोकप्रिय हैं. दूसरे प्रदेश की सरकारें भी सीएम योगी से प्रभावित होकर अपराधियों के विरुद्ध कठोर निर्णय ले रही हैं, जो 'योगी मॉडल' के रूप में चर्चित है. हाल ही में अयोध्या में हुए रामलला के नव-विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के सफल आयोजन की सराहना दुनिया कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया पर भारत के सबसे ज्यादा फॉलोवर्स वाले नेता हैं। एक्स पर उनके 95.1 मिलियन फॉलोवर्स हैं. उनके बाद गृह मंत्री अमित शाह का नंबर आता है, जिनके 34.4 मिलियन फॉलोवर्स हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 24 और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के 13.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 5.4 मिलियन फॉलोवर्स हैं। वहीं एक अन्य केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के 12.7 मिलियन फॉलोवर्स हैं।

मेरठ से आईएसआई एजेंट सत्येंद्र सिवाल गिरफ्तार

एटीएस ने की पूछताछ, मॉस्को के भारतीय दूतावास में तैनात

मेरठ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले से एटीएस ने एक आईएसआई का एजेंट को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान सत्येंद्र सिवाल के रूप में हुई है। सत्येंद्र साल 2021 से रूस की राजधानी मास्को में मौजूद भारतीय दूतावास में तैनात है। सत्येंद्र दूतावास में इंडिया बेस्ट सिक्योरिटी असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। गिरफ्तार किए गए सत्येंद्र पर आईएसआई के हैंडलर्स को भारत के दूतावास, रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय और भारतीय सैन्य प्रतिष्ठानों की महत्वपूर्ण गोपनीय सूचना देने का आरोप है।

एटीएस की पूछताछ में सत्येंद्र ने अपराध को कबूल किया है। सत्येंद्र मूल रूप से हापुड़ का रहने वाला है। एटीएस ने उसके पास से दो मोबाइल, आधार कार्ड और पैन कार्ड बरामद किया। दरअसल, यूपी एटीएस को इनपुट मिला था कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के हैणडलर्स हनी ट्रैप में फंसाकर विदेश मंत्रालय के कर्मचारियों को बहला-फुसलाकर और धन का लालच देकर जासूसी करवा रहे हैं।

इस इनपुट पर जब यूपी एटीएस ने छानबीन की तो पता चला कि सत्येंद्र सिवाल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को जो जानकारियां दीं, उसके एवज में उसे पैसे भी भेजे गए। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई एजेंट्स के जरिए भारतीय सेना से जुड़ी कई महत्वपूर्ण और गोपनीय जानकारियां ली जा रही थीं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हापुड़ का रहने वाला सत्येंद्र सिवाल विदेश मंत्रालय में एमटीएस के पद पर नियुक्त है। वह वर्तमान में रूस की राजधानी मास्को में स्थित भारतीय दूतावास में काम कर रहा था।

केजरीवाल के बाद अब आतिशी के घर पहुंची क्राइम ब्रांच

नई दित्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से बीजेपी पर विधायकों को खरीदने की कोशिश करने के आरोप का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ताजा मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम आज दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी के आवास पर पर पहुंची है।

क्राइम ब्रांच के पुलिस अधिकारी भाजपा के खिलाफ आप विधायकों को खरीदने की कोशिश करने के आम आदमी पार्टी के आरोप के संबंध में नोटिस देने के लिए आतिशी के घर पहुंचे हैं। इससे पहले शनिवार को विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले को लेकर क्राइम ब्रांच की टीम नोटिस देने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची थी।

विधायकों की खरीद-फरोख्त का है मामला

आतिशी भी खुद रिसीव नहीं करेंगी नोटिस

दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ ही कैबिनेट मंत्री आतिशी भी दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच का नोटिस स्वयं रिसीव नहीं करेंगी। आतिशी ने अपने कैंप ऑफिस के अधिकारी को नोटिस रिसीव करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच आम आदमी पार्टी के उस आरोप की जांच कर रही है जिसमें आप ने भाजपा पर उनकी सरकार गिराने के लिए 25-25 करोड़ में उनके विधायक खरीदने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। इसी मामले में पुलिस सबूत मांगने के लिए सरकार को नोटिस दे रही है।

ग्रेटर नोएडा में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जलपुरा गांव में किसान व ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर अवैध कॉलोनी काटी जा रही थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए दादरी तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कब्जा करने वालों के खिलाफ प्रशासन जल्द मुकदमा दर्ज कराएगा। दबंगों ने 2.2640 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा किया था। जिसमें से लगभग 0.5500 हेक्टेयर जमीन ग्राम समाज की थी। जिले में जमीनों का दाम आसमान छू रहा है। इसे देखते हुए लोगों के द्वारा जमीनों पर कब्जा कर धड़ल्ले से अवैध कॉलोनी काटी जा रही है। कब्जा करने का खेल अधिकारियों से मिलीभगत कर किया जाता है। जमीन पर प्लाटिंग करने के बाद महंगे दामों पर बेचा जाता है।

एसडीएम दादरी विवेकानंद मिश्रा ने बताया कि जलपुरा में खरसा संख्या एक, दो, तीन, पांच, छह, सात, 11, 35 डूब क्षेत्र में स्थित है। शिकायत के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि मामले में पूर्व में दादरी तहसील की टीम जांच के लिए पहुंची थी। टीम के साथ मारपीट हुई थी। मामले में फेज दो कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया था।

लोहे की सीढ़ी गिरने से सुपरवाइजर घायल, निदेशक समेत चार पर केस

नोएडा (चेतना मंच)। लोहे की सीढ़ी गिरने से सुपरवाइजर के घायल होने के मामले में सुपरनोवा कंपनी के निदेशक अजीत और धीरज, मैनेजर फिरोज अहमद और ठेकेदार सुरेश मौर्य के खिलाफ कोतवाली सेक्टर-126 में केस दर्ज किया गया है। सुपरवाइजर की पत्नी का कहना है कि आरोपियों की लापरवाही से पति दिव्यांग हो गए। सेक्टर-37 निवासी प्रीति ने पुलिस से शिकायत की है कि पति सुभाष कुमार सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा कंपनी में सुपरवाइजर के थे। कुछ महीने पहले ड्यूटी के दौरान कंपनी के बेसमेंट में लोहे की सीढ़ी से गिरने से उनकी रीढ़ की हड्डी, चार पसलियां और एक बाजू टूट गई थी। साथियों ने उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद दिल्ली ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया था। रीढ़ की हड्डी टूटने की वजह से सुभाष के कमर के नीचे का हिस्सा काम नहीं कर रहा है। पति के पति के दिव्यांग होने से परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। कार्यस्थल पर सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार के उपाय नहीं किए गए थे।

लखनऊ में ट्रिपल मर्डर का मुख्य आरोपी लल्लन खान और उसका बेटा गिरफ्तार

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ के ट्रिपल मर्डर केस में मुख्य आरोपी ललन और उसके बेटे फराज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मलिहाबाद में इस तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने के बाद लल्लन उर्फ सिराज और उसका बेटा फराज फरार हो गया था।

वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों ही मुख्य आरोपी सरेंडर करने की फिराक में घूम रहे थे. दोनों को यूपी एटीएस की टीम ने दबोचा है. शुक्रवार शाम जमीनी विवाद में 70 साल के लल्लन उर्फ सिराज ने बेटे फराज के साथ मिलकर 15 साल के मासूम बच्चे समेत 3 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

बता दें कि शुक्रवार को लखनऊ का मलिहाबाद इलाका गोलियों की गूंज से थर्रा उठा था. तीन बीघा जमीन को लेकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था जिसका मुख्य आरोपी 70 साल का एक ऐसा बदमाश है जिसने बेटे के साथ मिलकर अपने ही रिश्तेदारों को मौते के घाट उतार दिया।

घटना का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया था उसमें लल्लन खान के गोली चलाने के बाद उसका बेटा फराज बंदूक अपने हाथ में ले लेता है और घर के दरवाजे पर जाकर दूसरी गोली चलाता है, इसके बाद वो फिर रायफल को लोड कर एक और गोली चलाता है। इस गोलीबारी में एक बच्चा समेत कुल तीन लोगों की मौत हो गई थी।

पति-पुत्र की मौत के बाद जिंदगी की जंग हारी उजमा अस्पताल में तोड़ा दम

नोएडा। कोतवाली सेक्टर-63 क्षेत्र की छिजारसी कॉलोनी में 25 जनवरी की रात भी तीनों ठंड से बचने के लिए गैस हीटर चालू करके सोए थे। 26 जनवरी की सुबह करीब 11 बजे तक नहीं उठे तो पड़ोसी ने जोर से दरवाजा खटखटाया। फिर भी दरवाजा नहीं खुला तो पड़ोसियों को चिंता हुई। खिड़की से देखा तो उसमें से गर्म हवा और बदबू आ रही थी। मोहल्ले के लोगों ने मिलकर दरवाजा तोड़कर देखा तो तीनों बिस्तर पर बेसुध पड़े थे। लोगों ने तीनों को निकट ही एसजेएम अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शम्मू और मोहम्मद अली को उसी समय मृत घोषित कर दिया था, जबकि उजमा की नाजुक हालत देखते हुए भर्ती कर लिया था। हालत में सुधार न होने पर जिम्स में भर्ती कराया गया था। जहां उपचार के दौरान उजमा की मौत हो गई।

फ्लैट दिलाने के नाम पर हड़पे 18.70 लाख रुपये

नोएडा। कोतवाली सेक्टर-113 क्षेत्र में फ्लैट दिलाने के नाम पर 18.70 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। यूएई में नौकरी करने वाले दिल्ली के व्यक्ति ने कोर्ट के आदेश पर दो भाईयों समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। नरेला दिल्ली के राहुल ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह संयुक्त अरब अमीरात में नौकरी करते हैं। वर्ष 2014 में उनकी मुलाकात नरेला दिल्ली के कुश वर्मा व लव वर्मा से हुई। शिकायतकर्ता को एक फ्लैट की आवश्यकता थी। उस समय दोनों ने सेक्टर-113 स्थित सुपरटेक नार्थ आइ में एक फ्लैट के बिकने की जानकारी दी।

आरोपियों ने बताया कि नरेला के नरेंद्र कुमार फ्लैट बेचने के इच्छुक हैं। कुश, लव और नरेंद्र के साथ वह नोएडा में फ्लैट देखने आए। उस समय फ्लैट निर्माणाधीन था। फ्लैट का सौदा 25 लाख रुपये में तय हुआ। शिकायतकर्ता ने पांच लाख रुपये बतौर बयाना नगद दिए। 13.70 लाख रुपये बैंक आफ बड़ौदा से वर्ष 2018 में विभिन्न मदों में ट्रांसफर किए।

जिला अस्पताल में संविदा पर तैनात 250 कर्मचारियों के पीएफ के पैसे नहीं किए जमा

नोएडा (चेतना मंच)। जिला संयुक्त अस्पताल में संविदा पर तैनात करीब 250 कर्मचारियों के प्रोविडेंट फंड (पीएफ) का पैसा ही उनके खाते में जमा नहीं हुआ। शिकायत पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. रेनू अग्रवाल ने आयुक्त भविष्य निधि से कर्मचारियों की आपूर्ति करने वाली एजेंसी परफेक्ट लॉव्या के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा है।

पत्र में कहा गया है कि एजेंसी तीन साल से काम कर रही है, लेकिन एजेंसी कर्मचारियों के पीएफ के पैसे उनके खाते में जमा नहीं कर रही है। आयुक्त से पीएफ का पैसा कर्मचारियों के खाते में एजेंसी से जमा कराने के लिए भी कहा गया है। इसके साथ ही एजेंसी से भी पीएफ जमा कराने और दस्तावेज सीएमएस कार्यालय में जमा कराने के लिए कहा है। एजेंसी सुरक्षा गार्ड के अलावा कंप्यूटर ऑपरेटर और तकनीकी सहायक की आपूर्ति करती थी।

एजेंसी के संचालक विक्रांत शर्मा का कहना है कि सभी कर्मचारियों का पीएफ और ईएसआई का पैसा जमा किया गया है। एक सप्ताह में इसके साक्ष्य सीएमएस कार्यालय में जमा करा दिया जाएगा। पैसे जमा नहीं कराने का आरोप गलत है। ऐसा इसलिए किया गया कि मैंने कर्मचारियों की आपूर्ति के टेंडर में 22 लाख की एफडी और पसारा एक्ट के पंजीकरण के जाली दस्तावेज लगाने की शिकायत की। इसके बाद जिला अस्पताल की तय एजेंसी का टेंडर निरस्त हो गया।

जिला अस्पताल में संविदा पर कर्मचारियों की आपूर्ति के टेंडर का 22 लाख की जाली एफडी और अवैध पसारा एक्ट पंजीकरण के मामले में टेंडर निरस्त हो गया है। सीएमएस ने बताया कि हाल ही में यह टेंडर आवंटित हुआ है। जाली दस्तावेज के तथ्य सामने आने के बाद इसे निरस्त कर दिया है। एजेंसी को ब्लैकलिस्ट करने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है। अब यह टेंडर दोबारा से जिला अस्पताल करेगा। इधर, शिकायतकर्ता विक्रांत शर्मा ने मांग की है कि बिना पंजीकरण दस्तावेज और एफडी प्रपत्र के सत्यापन कराए टेंडर आवंटन कैसे हुआ। इसकी जांच भी होनी चाहिए।

पुलिस मुठभेड़ में लगी दो बदमाशों के पैर में गोली

नोएडा। कोतवाली फेज-तीन पुलिस ने रेकी कर चार पहिया वाहन चुराने वाले दो बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। गोली लगने से घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों की निशानदेही पर चोरी की तीन कार, स्कैनर, डिवाइस, हथौड़ा, चुंबक, चाबी और लाक तोड़ने के उपकरण समेत अन्य सामान बरामद हुए हैं।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि शनिवार रात पुलिस की टीम पुश्ता और गढ़ी के बीच सर्विस रोड के पास गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक कार पर सवार दो संदिग्ध उधर से गुजरे। टीम ने जब दोनों को रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगे।

पीछा करने पर कार सवार बदमाशों ने पुलिस की टीम पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से दोनों बदमाश घायल हो गए। बदमाशों की पहचान बस्ती के फिरोज अहमद और इटावा के आशीष जाट के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 12 मुकदमे दर्ज हैं।

एडीसीपी ने बताया कि घायल बदमाश महज दो से तीन मिनट में चार पहिया वाहनों की चोरी कर लेते हैं। अगर वाहन में जीपीएस लगा होता है तो उसे चंद मिनट में ही निकाल कर बदमाश फेंक देते हैं। रेकी करने के बाद वाहन चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है।

केंद्रीय बजट से कितनी खुराक

चुनाव की रखवाली में आए केंद्र सरकार के अंतरिम बजट में यूं तो आत्म श्लाघा के कई दरवाजे खुले हैं, लेकिन चेतावनियों के बीच राज्यों के लिए अपना आर्थिक सम्मान हासिल करना कठिन है। खास तौर पर हिमाचल जैसे राज्यों के लिए आफत का यह कठिन दौर न तो केंद्रीय बजट को सूंघ पा रहा है और न ही इसके भीतर खुद को ढांप पा रहा है। ऐसे में सुक्खू सरकार की आर्थिक कसौटियों में प्रदेश के आगामी बजट सत्र का हर कदम परीक्षाओं से भरा है। करीब दो हफ्ते बाद हिमाचल अपने बजट के माध्यम से नए कर्ज को पुकार रहा होगा, तो कहीं केंद्रीय योजनाओं के बीच खुद को निहार रहा होगा। हालांकि सुक्खू सरकार की कुछ प्राथमिकताएं केंद्रीय बजट में संबोधित हुई हैं और इनके सदके सरकार अपने प्रथम वर्ष के आर्थिक हिसाब को दूसरे से मिलाकर नए शब्दों में अभिव्यक्त करना चाहेगी। कोई नहीं जानता कि इस बार देश के आर्थिक सर्वेक्षण का ऊंट किस करवट बैठा है, लेकिन हिमाचल को अपनी हैसियत की कडि़यों में क्षेत्रवार ब्यौरे में इसे सिद्ध करना होगा। केंद्र ने इलेक्ट्रिक वाहनों के जरिए जिस परिवहन को दौड़ाया है, कमोबेश उसी की परिपाटी में सुक्खू सरकार के बजटीय सुर, ग्रीन एनर्जी के गीत सुना रहे हैं। प्रथम वर्ष में ही युवाओं के लिए स्टार्टअप योजना के तहत 680 करोड़ का प्रावधान करके सुक्खू सरकार चल रही है। ई-टैक्सी और ई-बसों की खरीद पर पचास फीसदी सब्सिडी की घोषणा ने करीब ढाई हजार युवाओं को आकर्षित किया है। सुक्खू सरकार आगे चलकर पेट्रोल-डीजल इंजन के बजाय इलेक्ट्रिक टैक्सियों के संचालन को अनुमति देना चाहती है। ऐसे में राष्ट्रीय-अभियान से हिमाचल अपने हिस्से की संभावना को भी पूरा कर दे, तो आत्मनिर्भरता के खाकों में कुछ तो नूर आएगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बजट वैकल्पिक ऊर्जा के रास्ते से नागरिकों को छत के माध्यम से सौर ऊर्जा पैदा करने का आह्वान कर रहा है। यहां भी हिमाचल ने इस प्रकार की योजनाओं की व्याख्या से सौर ऊर्जा के उत्पादन को सुनिश्चित किया और आगे चलकर यह रास्ता भी खुशामदीद कह सकता है। डेयरी उत्पादन में केंद्र की योजनाओं को अवतरित करने की कोशिश में हिमाचल ने पहले ही गारंटियों की मुद्रा धारण की है। बात सिर्फ गोबर खरीद की नहीं, बल्कि दूध खरीद में प्रति किलो छह रुपए बढ़ा कर राज्य सरकार इस क्षेत्र को प्रोत्साहित कर रही है, जबकि ढगवार में करीब डेढ़ सौ करोड़ की राशि से एक अति आधुनिक संयंत्र लगा कर खरीद और विपणन की श्रृंखला को विभिन्न दुग्ध उत्पादों के जरिए सशक्त करने के प्रयास में है। हिमाचल ने मोदी सरकार के बजट को विकास के हर पहलू, वित्तीय प्रोत्साहन के हर बिंदु, विषयों के हर अवसर और संभावनाओं के हर अक्स में सुना होगा, लेकिन पर्यटन और कनेक्टिविटी की दृष्टि के हर उल्लेख से पर्वतीय प्रदेश को अपनी वर्जनाएं तोडने का एहसास करने का अवसर मिलना चाहिए। केंद्र अपनी उड़ान योजना के तहत भारतीय विमानन क्षेत्र में जो उपलब्धियां अर्जित करना चाहता है, उनके ठीक सामने सुक्खू सरकार हर जिला मुख्यालय व प्रमुख शहरों में हेलिपोर्ट बनाने की प्रक्रिया को पहले ही आयाम तक पहुंचा चुकी है। सरकार ने चार हेलिपोर्ट को 13 करोड़ रुपए की धनराशि जारी कर दी है, जबकि अन्य की प्रक्रिया जारी है। देश की तीन कंपनियों ने कुछ हेलिपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी जोड़ते हुए सेवाएं शुरू करने में रुचि दिखाई है। हिमाचल सरकार ने आते ही कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तार को राज्य परियोजना का दर्जा देकर इसे भू-अधिग्रहण के अंतिम दौर में पहुंचा दिया है, जबकि पर्यटन राजधानी के प्रारूप में कुछ नए सपने, नए संकल्प और नई आशाएं जाग्रत हुई हैं। धर्मशाला में विश्व स्तरीय कानवेंशन सेंटर के निर्माण से कान्फ्रेंस टूरिज्म के राष्ट्रीय उद्बोधन में हिमाचल अपने दस्तावेज पुख्ता कर पाएगा। हिमाचल की दृष्टि से केंद्रीय बजट एक एहसास, एक खुराक और एक आर्थिक आयाम है, जिसके तहत केंद्रीय योजनाओं की हिस्सेदारी में आगे का सफर कुछ हद तक जारी रह सकता है, वरना पहले वर्ष का अनुभव कई ऐसे कटु मोड़ पर खड़ा है, जहां बरसात के जख्म, एनपीएस की जमा पूंजी, जीएसटी का बचा हुआ भुगतान, ऋण उठाने की अनुमतियां और आत्मनिर्भर होने की कसौटियां केंद्र से अपना अधिकार मांग रही हैं। देखना यह है कि एक अंतरिम बजट से सुक्खू सरकार राज्य के पूर्ण बजट के लिए कितना कुछ निकाल पाती है, ताकि बजट की प्रासंगिकता में वित्तीय व्यवस्था पर भरोसा रहे।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे गरुड़जी! एक बार श्री रघुवीर ने सब चरित्र बहुत अधिकता से किए। प्रभु की उस लीला का स्मरण करते ही काकभुशुण्डिजी का शरीर (प्रेमानन्दवश) पुलकित हो गया।। उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

कहइ भसुंड सुनहु खगनायक। राम चरित सेवक सुखदायक॥
नृप मंदिर सुंदर सब भाँती। खचित कनक मनि नाना जाती॥
भुशुण्डिजी कहने लगे- हे पक्षीराज! सुनिए, श्री रामजी का चरित्र सेवकों को सुख देने वाला है। (अयोध्या का) राजमहल सब प्रकार से सुंदर है। सोने के महल में नाना प्रकार के रत्न जड़े हुए हैं॥
बरनि न जाइ रुचिर अँगनाई। जहँ खेलहिं नित चारिउ भाई॥
बाल बिनोद करत रघुराई। बिचरत अजिर जननि सुखदाई॥
सुंदर आँगन का वर्णन नहीं किया जा सकता, जहाँ चारों भाई नित्य खेलते हैं। माता को सुख देने वाले बालविनोद करते हुए श्री रघुनाथजी आँगन में विचर रहे हैं॥
मरकत मृदुल कलेवर स्यामा। अंग अंग प्रति छबि बहु कामा॥
नव राजीव अरुन मृदु चरना। पदज रुचिर नख ससि दुति हरना॥
मरकत मणि के समान हरिताभ श्याम और कोमल शरीर है। अंग-अंग में बहुत से कामदेवों की शोभा छाई हुई है। नवीन (लाल) कमल के समान लाल-लाल कोमल चरण हैं। सुंदर अँगुलियाँ हैं और नख अपनी ज्योति से चंद्रमा की कांति को हरने वाले हैं॥
ललित अंक कुलिसादिक चारी। नूपुर चारु मधुर रवकारी॥
चारु पुरट मनि रचित बनाई। कटि किंकिनि कल मुखर सुहाई॥
(तलवे में) वज्रादि (वज्र, अंकुश, ध्वजा और कमल) के चार सुंदर चिह्न हैं, चरणों में मधुर शब्द करने वाले सुंदर नूपुर हैं, मणियों, रत्नों से जड़ी हुई सोने की बनी हुई सुंदर करधनी का शब्द सुहावना लग रहा है॥4॥
दो0-रेखा त्रय सुंदर उदर नाभी रुचिर गँभीर।
उर आयत भ्राजत बिबिधि बाल बिभूषन चीर॥
उदर पर सुंदर तीन रेखाएँ (त्रिवली) हैं, नाभि सुंदर और गहरी है। विशाल वक्ष:स्थल पर अनेकों प्रकार के बच्चों के आभूषण और वस्त्र सुशोभित हैं॥

क्रमश:

नीतीश कुमार ने जो चाल चली है...उसके असल परिणाम अभी आने बाकी हैं

भारतीय गांवों का एक खेल है, दोल्हा-पाती। इसमें खिलाड़ी अपने को बचाने के लिए लगातार एक डाल से दूसरी डाल पर फांदते-कूदते रहते हैं। इस तरह वे खुद को खेल के नियम के अनुसार बचाने की कोशिश करते रहते हैं। वैसे तो यह खेल भारत के तकरीबन हर इलाके के गांवों में प्रचलित है। लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में यह खेल कुछ ज्यादा ही प्रचलित रहा है। शायद यही वजह है कि बिहार की नौंवी बार कमान संभाल चुके नीतीश कुमार को लेकर दोल्हा-पाती के खिलाड़ी जैसी अवधारणा बन गई है। करीब एक दशक में जिस तरह चार बार नीतीश कुमार ने गठबंधन बदला, अपने साथी बदले, वह कूद-फांद का ही रूप है।

दिलचस्प है कि नैतिकता और मर्यादा की सबसे ज्यादा दुहाई राजनीति देती है, लेकिन नैतिकताओं और मर्यादाओं का भंजन सबसे ज्यादा राजनीति ही करती है। नीतीश, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय जनता पार्टी, कम से कम बिहार के संदर्भ में तीनों ही इसी प्रवृत्ति के उदाहरण बनकर सामने आए हैं। 2013 में जब भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया था, नीतीश कुमार ने उन्हें सांप्रदायिक करार देते हुए उस आठ साल से जिस पार्टी के साथ सत्ता चला रहे थे, उस भाजपा का दामन छोड़ दिया था। इसके पहले भी वे नरेंद्र मोदी के प्रति अपनी सोच को जाहिर कर चुके थे। साल 2008 में जब कोसी नदी ने समंदर का रूप धर लिया था, तब गुजरात से बिहार पहुंची राहत की खेप को नीतीश ने बैरंग वापस करा दिया था। क्योंकि उस वक्त उनकी नजर में सांप्रदायिक नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।

2013 में नीतीश कुमार ने उस लालू का दामन थाम लिया, जिनके विरोध में उन्होंने 1994 में जनता दल छोड़कर जार्ज फर्नांडिस की अगुआई में समता पार्टी बनाई थी। भाजपा के साथ 1996 में समता पार्टी ने जो गठबंधन किया, उसका नतीजा ही रहा कि 2005 के बिहार विधानसभा चुनावों में नीतीश की अगुआई में लालू यादव की लगभग अजेय समझी जाने वाली सत्ता को उखाड़ फेंका गया। तब नीतीश ने नया इतिहास रचा, लेकिन इसमें सहयोग बीजेपी का भी रहा। नीतीश-भाजपा की सरकार ने 2006-2010 के दौरान बिहार की कार्यशैली बदली, कानून-व्यवस्था को बेहतर किया और कई कीर्तिमान रचे। इसका असर यह हुआ कि 2010 के विधानसभा चुनावों में लालू यादव के राष्ट्रीय जनता दल की चुनावी इतिहास की सबसे बड़ी पराजय हुई। ऐसा माना जाने लगा कि लालू यादव की पार्टी अब खत्म हो जाएगी। लेकिन नीतीश कुमार ने 2013 में पलटी मारी और इसके बाद 2015 में हुए विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनता दल को जैसे जीवनदान मिल गया। लेकिन नीतीश को

लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले। धीरे-धीरे शासन में लालू परिवार का दबदबा बढ़ा तो नीतीश ने 2017 में फिर बीजेपी का साथ ले लिया। इसका उन्हें 2019 के आम चुनावों में फायदा भी हुआ। उनके 16 सांसद चुने गए।

लालू का यह साथ ज्यादा दिन रास नहीं आया। हालांकि इस बीच बिहार के जीन को लेकर नीतीश कुमार ने ऐसा अभियान चलाया कि बोरे में भरकर बिहार के लोग अपने बाल नरेंद्र मोदी के पते पर भेजते रहे। तब बिहारी लोगों का बाल उनकी शुद्ध बिहारी जीन का प्रतीक था।

लालू बेशक नीतीश के सहयोगी बने, लेकिन वे 1994 की दगाबाजी नहीं भूले। धीरे-धीरे शासन में लालू परिवार का दबदबा बढ़ा तो नीतीश ने 2017 में फिर बीजेपी का साथ ले लिया। इसका उन्हें 2019 के आम चुनावों में फायदा भी हुआ। उनके 16 सांसद चुने गए। बीजेपी को अपनी पुराने 22 सांसदों में से कुछ के टिकट काट कर उनकी सीट जनता दल यू को देनी पड़ी। इसी गठबंधन ने 2020 का विधानसभा चुनाव भी लड़ा। इस चुनाव में लोकजनशक्ति-रामविलास गुट के नेता चिराग ने सिर्फ जनता दल यू की सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे और 2005 के बाद पहली बार नीतीश की पार्टी को सबसे कम यानी 5 सीटें मिलीं। नीतीश ने इसे बीजेपी का खेल माना और 10 अगस्त 2022 को बीजेपी का साथ छोड़ उस आरजेडी का दामन थाम लिया, जिसके नेता तेजस्वी यादव ने उन्हें पलटू चाचा की उपाधि दी थी। बिहार में 28 जनवरी

2024 को नीतीश ने फिर पाला बदल लिया और उनके लिए सारे दरवाजे बंद करने का बार-बार दावा करने वाली बीजेपी ने बदले हालात में उनके लिए दरवाजे खोल दिए। नीतीश भी अपना वह बयान भूल गए कि मर जाएंगे, लेकिन बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। इसके बाद नीतीश कुमार की छवि पलटू बाबा के रूप में स्थायी हो गई।

राजनीति दरअसल समूचा शीर्ष नेतृत्व का खेल है। दिलचस्प यह है कि शीर्ष नेतृत्व सारे कदम अपने कार्यकर्ताओं और आम लोगों की भावनाओं के नाम पर उठाती है। जब भी कोई गठबंधन टूटता है तो घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता पुराने साथी को दुश्मन मानकर उसके खिलाफ दुश्मनी की हद तक हमलावर हो जाते हैं। लेकिन जैसे ही फिर वही दल साथ आ जाते हैं तो जमीनी स्तर पर दुश्मनी निभाने वालों के सामने खीस निपोरने और ठगा महसूस करने के अलावा कोई चारा नहीं होता। बिहार में भी यही हो रहा है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को नहीं सूझ रहा कि वे अब उस नीतीश को कैसे पचाएं, जिन्होंने उन्हें अछूत बताया, उनके नेताओं को विधानसभा में खरी-खोटी सुनाई। विधानसभा अध्यक्ष का आसन सदन में सबसे ऊंचा होता है।

लेकिन नीतीश ने उस आसन पर बैठे विजय सिन्हा को भी नहीं छोड़ा था। सदन में महिलाओं को लेकर उन्होंने अभी कुछ ही महीने पहले तकरीबन अश्लीलता की हद तक का बयान दिया था। तब भाजपा की एक विधायक फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। बदले हालात में उनकी स्थिति का अनुमान ही लगाया जा सकता है। जनता दल यू के एक वरिष्ठ नेता ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि उनका अपना कोर वोटर, जिसमें नीतीश की अपनी कुर्मी जाति के भी लोग हैं, अब गाली देने लगे हैं। उनके सामने भी नीतीश की लानत-मलामत की गई। लोगों का कहना है कि क्या बिहार के राजनीतिक दलों और नेताओं की आंखों में पानी नहीं रह गया है?

बिहार के बदले राजनीतिक गठबंधन की नई सरकार को बिहार के हित में बताया जा रहा है। इससे बीजेपी खुद को बेहतर स्थिति में पा रही है। राष्ट्रीय जनता दल खुद को ठगा महसूस कर रहा है। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में दो चीजें कम से कम फौरी तौर पर साफ हुई हैं। नीतीश का प्रभामंडल कमजोर हुआ है, वहीं लालू की विरासत पर चलने वाले तेजस्वी का कद बढ़ा है। सरकार टूटने के बाद तेजस्वी ने काफी परिपक्वता का परिचय दिया। इसके चलते बिहार में एक वर्ग ऐसा दिख रहा है, जिसे तेजस्वी से सहानुभूति हो रही है। इसका संकेत साफ है। अगर तेजस्वी का कोर वोटर अपनी आक्रामकता पर काबू रख पाया तो बिहार में आने वाले दिनों में दो ही राजनीतिक ध्रुव होंगे। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी होगी तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय जनता दल। माना यह जा रहा है कि नीतीश कुमार की पार्टी भविष्य के चुनावों छीजती चली

जाएगी। शायद यही वजह है कि भाजपा से अलगाव के बाद जनता दल यू के जिन नेताओं ने नरेंद्र मोदी, केंद्र सरकार और भाजपा नेताओं की कटु आलोचनाएं की थीं, वे अब भाजपा शरणं गच्छामि की मुद्रा में आते नजर आ रहे हैं।

बिहार में बदले राजनीतिक समीकरण का असर आगामी लोकसभा चुनाव में भी दिखेगा, इसका फायदा एनडीए गठबंधन को मिलना तय माना जा रहा है। इसकी वजह यह है कि अभी देश में दो लहर चल रही है, मोदी लहर और राम लहर। इसका असर चुनावों पर दिखेगा। लेकिन यह भी तय है कि उसके बाद होने वाले चुनावों में जनता दल यू को नीतीश की पलटबाजी की कीमत चुकानी पड़ेगी। जाहिर है कि उसका फायदा भाजपा और आरजेडी को ही मिलेगा। कह सकते हैं कि बदले राजनीतिक समीकरणों की वजह से बिहार में नई राजनीति दिखेगी।

-उमेश चतुर्वेदी

बजट महाराज आयो रे (व्यंग्य)

बजटजी आकर्षक महाराज होते हैं जिनके आने से पहले आम जनता रंगीन खूवाब देखती हैं और ख़ास जनता को पहले से पता होता है कि बजट महाराज की योजनाएं उनका खूब ध्यान रखेंगी। हर राजनीतिक पार्टी के आर्थिक विशेषज्ञ अपने अपने आकलन जारी करते हैं जैसे सभी आवश्यक उपाय कर दिए गए हैं निश्चित ही पुत्ररत्न होगा। अनेक बार जब बजट महाराज शायरी या झूठी मुस्कुराहटों में लपेटकर घोषणाएं करें तो बेचारे वायदे और निकम्मे आश्वासन फुदक फुदक कर ज़िंदगी की परेशान गोद में रोने लगते हैं। बजट महाराज और विकास महाराज एक दूसरे के व्यवसायिक, सामाजिक व राजनीतिक शुभचिन्तक होते हैं तभी वे इतनी निपुणता से अधिकांश बातें करते हैं जो आम जनता को जलेबी जैसी लगती हैं और जलेबी भी ऐसी जो दूर से मीठी और स्वादिष्ट लगे और खाओ तो कड़वी और मुशकिल से निगले जाने वाली। उनकी अधिकांश योजनाएं सब की समझ में आने वाली नहीं होती।

बजट महाराज के आने के बाद गृहस्थ की मालकिन भी चौकन्नी हो गई है। उन्होंने सब्जी विक्रेता से कहा कि आप कई साल से मिट्टी लगे आलू, जड़ तक डंठल और मुरझाए पत्तों समेत गोभी, जड़ों समेत धनिया बेचते हो।

बजट महाराज के आने के बाद गृहस्थ की मालकिन भी चौकन्नी हो गई है। उन्होंने सब्जी विक्रेता से कहा कि आप कई साल से मिट्टी लगे आलू, जड़ तक डंठल और मुरझाए पत्तों समेत गोभी, जड़ों समेत धनिया बेचते हो। वह कुछ क्षण बाद बोला अब सब्जी ऐसी ही आती है और अब तो और महंगी होने वाली है, मैडमजी। हमने कहा तब तो दो सौ पचास ग्राम मटर खरीदा करेंगे। वह हंसने लगा बोला, हो गया न बजट का असर। दो चार हरी मिर्च मुफ्त मांगने की हिम्मत नहीं हुई वह किसी से कह रहा था मिर्च लाल होने वाली है। यह मानकर कि पति से कोई उलझ रहा है दुकान के पीछे से सब्ज़ीवाली ने आकर बातचीत में सॉलिड एंट्री मारी, बोली, हमने भी टप्पू नप्पू को पालना है, चार छ पैसा बचाना भी है। आप उनको समझाइए जो देस को सब्ज़ी समझकर काट रहे हैं खा रहे हैं।

हमारी बनाई चाय पीते हुए पत्नी बोली, कोई नई बात नहीं है हर बजट आम लोगों के लिए एक सबक होता है। मटर कम आएगी तो क्या इससे मैं दो सब्जियां बनाया करूंगी। आलू मटर की पारम्परिक सब्ज़ी के साथ मटर के छिलकों को साफ काट धोकर प्याज मिक्स कर सूखी सब्ज़ी। गोभी और ब्रॉकली की सूखी सब्ज़ी बना, मोटे मोटे लंबे डंठलों में से नर्म हिस्सा निकाल, आलू डाल रसेदार सब्ज़ी और मुरझाए हुए पत्तों व बचे सख्त हिस्से को अच्छी तरह से साफ कर उबालकर सूप बना दूंगी। बेचारे मिडल क्लास लोग तो सपने बुनने और उधेड़ने के लिए ही पैदा होते हैं।

बजट महाराज के आने पर शासकों द्वारा इतराना और विपक्ष का शोर मचाना उनकी पारम्परिक लोकतान्त्रिक जिम्मेदारी है। आम जनता का नैतिक कर्तव्य हमेशा संयम बनाकर जीते रहना है। महाराज की सालाना सवारी आते ही ताली बजाना सभी का कर्तव्य है। वैसे, चुनावी मौसम में आए बजट महाराज सभी को लुभाने में माहिर माने जाते हैं। इस बार भी उन्होंने पधारकर खुशियों का जलवा बिखेरना शुरू कर दिया है, ऐसे में स्वास्थ्य का ध्यान रखना ज़रूरी है।

- संतोष उत्सुक

राशिफल

माघ कृष्ण- नवमी (विक्रम संवत् 2080)

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में थोड़ा बेहतर परिणाम।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
शत्रु परास्त होंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति करेंगे। स्वास्थ्य की स्थिति नरम गरम।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक दें। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार भी अच्छा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
व्यापारिक लाभ होगा। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
मन चिंतित रहेगा। खर्चे को लेकर परेशान रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा क्योंकि सिरदर्द व नेत्रपीड़ा संभव है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
अच्छे समाचार की प्राप्ति हुई होगी। यात्रा में लाभ होगा। धन-धान्य से परिपूर्ण होंगे। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
शासन सत्ता पक्ष का सहयोग मिलेगा। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

भाजपा किसान मोर्चा 'ग्राम परिक्रमा यात्रा' कार्यशाला बैठक

नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नोएडा महानगर की जिला परिक्रमा यात्रा की जिला कार्यशाला बैठक सेक्टर 116 स्थित जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

इस कार्यशाला बैठक में मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित त्यागी, जिला अध्यक्ष भाजपा मनोज गुप्ता उपस्थित रहे।

किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित त्यागी ने जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए आगामी कार्यक्रम के रूपरेखा को जिला एवं मंडल पदाधिकारीयो को समझाया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने का काम किया।

नोएडा महानगर भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता 2024 के चुनाव अभियान में लग जाय।सभी कार्यकर्ता

संगठन के कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले और सभी आगामी कार्यक्रमो को सफल बनाएं,आगामी कार्यक्रम गांव चले अभियान पर उन्होंने कहा कि भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि गांव गांव जाकर जनता के बीच भाजपा सरकार की उपलब्धियां बताएंगे एवं जनता से सरकार का फीडबैक भी लेंगे।

किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमवीर अवाना ने जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा की सभी जिला एवं मंडल के पदाधिकारीयो से आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता मिलजुल कर ग्राम परिक्रमा यात्रा को सफल बनाएंगे और किसान मोर्चा को जिले में नंबर वन पर लाने का काम करेंगे।

इस मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुशील शर्मा ,रवि यादव , किसान मोर्चा के जिला प्रभारी व भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश अवाना, भाजपा महामंत्री उमेश त्यागी , उमेश पहलवान, किसान मोर्चा के जिला महामंत्री मुक्तानंद शर्मा , घनश्याम यादव जिला उपाध्यक्ष इंद्राज खटाना, पप्पू प्रधान, रोहित सोरखा, मूलचंद शर्मा, जिला मंत्री सतपाल अवाना, अनिल मास्टर साहिल शर्मा, विष्णु शर्मा, विजय अवाना सर्वेश कुमार सिंह, रविन्द्र यादव जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण कुमार झा, जिला कार्यालय प्रभारी अभय त्यागी जिला कार्यकारिणी सदस्य भगवत दयाल शर्मा, अशोक यादव, मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार, संजीव पटेल, सुरेश चौहान, महामंत्री मुकेश शर्मा , बलवंत सिंह, सुमित झा, टिंकू यादव , राकेश बरौला, सहित अन्य किसान मोर्चा के सभी जिला पदाधिकारी और मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

भारत का पहला मॉडल आर्ट विलेज गेझा गांव में सफलतापूर्वक लॉन्च

नोएडा (चेतना मंच)। जनपद गौतमबुद्ध नगर में एक गांव को देश का पहला और मॉडल आर्ट विलेज बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं सामाजिक संगठन कलांतर आर्ट फाउंडेशन के तत्वाधान में एक अनूठी सामाजिक री-इंजीनियरिंग अवधारणा का शुभारंभ जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा नोएडा के गेझा गांव विकास खंड बिसरख मे महानगर मनोज गुप्ता, अध्यक्ष कलांतर आर्ट फाऊंडेशन विशाल श्रीवास्तव, राष्ट्रीय सचिव कालान्तर पूजा श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी यशपाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र बहादुर सिं कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। आयोजित कार्यक्रम में हमारी सांस्कृतिक पुनरावृत्ति का आधार, हर घर में हो एक कलाकार मिशन में स्वयंसेवा करने और मॉडल आर्ट विलेज परियोजना के तहत पंजीकृत छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए, समय समर्पित करने के लिए पंजीकृत लगभग 50 प्रशिक्षित कलाकारों को जिला अधिकारी द्वारा आईडी कार्ड सौंपे गए।

इस अवसर पर जिला अधिकारी ने कहा कि आर्ट विलेज का आइडिया बहुत अनोखा है। यह कार्यक्रम कला के माध्यम से रोजगार सृजन के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के कायाकल्प पर केंद्रित है। दोनों के मेल

कलांतर आर्ट फाऊंडेशन के अध्यक्ष विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग के बिना न तो यह प्रक्षेपण संभव हो पाता और न ही उनके सहयोग के बिना आगे का क्रियान्वयन संभव हो पाता। उन्होंने बताया कि भंगेल के एनईए स्कूल और कई अन्य स्कूलों ने इस परियोजना के लिए अपने स्कूल के शिक्षकों के स्लॉट प्रदान करने में गहरी रुचि दिखाई है। कलांतर की प्रशिक्षण प्रमुख पूजा श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि अगले 6 महीनों में कलांतर इस परियोजना के माध्यम से कुछ अलग करके दिखाएगा और गेझा वास्तव में मॉडल आर्ट विलेज के रूप में खड़ा होगा। आदर्श कला ग्राम की स्थापना से हमारा प्रयास है कि गाँव के सभी परिवार में कम से कम एक ऐसा व्यक्ति हो जो अपने भीतर छिपी कला को पहचान कर उसके प्रयोग से न सिर्फ अपने मन वरन अपने समस्त परिवार के वातावरण को सकारात्मक बना सके। साथ ही इस कला ग्राम से हम समाज में एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कर सकें, जिससे समस्त देश ही नहीं वरन समस्त संसार इसकी तर्ज पर कला की शक्ति का सकारात्मक प्रयोग करना आरम्भ करें।

कला के इस अनूठे प्रयोग में वैसे तो 64 कलाएं शामिल हैं परन्तु आरम्भ में चित्रकला, लेखन, नृत्य, अभिनय, संगीत, पाक-शास्त्र, सिलाई आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हमारे सर्वेक्षण के अनुसार कला की इन विधाओं को पहचानकर कई ग्रामीणों ने उनके प्रति रुचि दिखाई है। इसके अतिरिक्त अन्य विधा में भी शीघ्र ही प्रशिक्षण आरम्भ होगा। आयोजित कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम गेझा के प्रधानाचार्या, अध्यापकगण एवं छात्र-छात्रओं के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

विद्यार्थियों को दी गई नए एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम की जानकारी

नोएडा (चेतना मंच)। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय कन्या इंटर कालेज, बुलंदशहर एवं राजकीय इंटर कॉलेज, हापुड़ के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण हेतु गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय पहुंचे। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षिक ज्ञान के साथ साथ राज्य के भीतर महत्वपूर्ण उच्च शैक्षिक संस्थाओं की अध्ययन यात्रा पर ले जाना था।

विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग में संचालित एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम (आईटीईपी) के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को बताया कि यह चार वर्षीय एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रस्तावित किया गया है। विश्वविद्यालय में कला, विज्ञान एवं

वाणिज्य तीनों स्ट्रीम में क्रमश: बीए-बीएड, बीएससी-बीएड ,और बीकॉम-बीएड कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जिन विद्यार्थियों का रुझान शारीरिक शिक्षा एवं खेलों की तरफ है उनके लिए बीपीएस कार्यक्रम भी उपलब्ध है।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं हेतु यह जानकारी इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि जिन विद्यार्थियों की रुचि शिक्षक बनने में है उन्हें इन सभी कार्यक्रमों में प्रवेश कक्षा 12 के उपरांत मिलेगा।

यहां यह बात उल्लेखनीय है कि पायलट मोड में संचालित करने हेतु देशभर के 57 उच्च शिक्षण संस्थानों का चयन किया गया था जिसमें उत्तर प्रदेश के 3 उच्च शिक्षण संस्थानों में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय भी एक है।

कार्यक्रम का सफल आयोजन विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव, विभाग की प्रवक्ता डॉ. श्रुति कंवर, डॉ. वैशाली, डॉ. नीलिमा एवं संबंधित विद्यालयों के अध्यापकों की उपस्थिति में हुआ।

25 हजार का इनामी बदमाश विनय वर्मा पुलिस मुठभेड़ में ढेर

दारोगा की पिस्टल छीन किया था हमला, एक जवान भी घायल

मेरठ, एजेंसी। चौकी इंचार्ज को गोली मारने वाले 25 हजार के इनामी विनय वर्मा को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस विनय को गिरफ्तार कर पिस्टल बरामद करने के लिए जंगेठी के जंगल में ले गई थी। वहां उसने झाड़ी से पिस्टल निकालकर सिपाही के हाथ में गोली मार दी। जवाबी फायरिंग में विनय मारा गया। इसके एक साथी नरेश सागर को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

22 जनवरी की रात बदमाशों ने कंकरखेड़ा के खिर्वा रोड पर एचआर गार्डन के पास खुर्जा निवासी सोनू से उसकी सेंट्रो कार लूट ली थी। हाईवे चौकी प्रभारी मुन्नेश सिंह कसाना ने पुलिसकर्मियों एवं सोन के साथ सूमो गाड़ी से बदमाशों का पीछा किया। जीपीएस से पता चलने पर सेंट्रो श्रद्धापुरी फेज दो के पीछे लाला मोहम्मदपुर नाले पर खड़ी दिखी। पुलिस ने यहां एक बदमाश को पकड़ लिया। तभी बदमाशों ने एक गोली चौकी प्रभारी के सीने में मार दी। उपचार के बाद मुन्नेश अब ठीक हैं।

12 दिन बाद पुलिस ने शनिवार शाम को गोली मारने वाले विनय वर्मा निवासी जस्सू मोहल्ला कंकरखेड़ा व नरेश सागर निवासी माधवपुरम को गिरफ्तार किया था। इनका एक साथी अनुज निवासी सैनिक विहार फरार है। पुलिस शाम करीब सात बजे विनय को लेकर पिस्टल बरामद कराने जंगेठी के जंगल में गई थी।

विनय से जिस 32 बोर के पिस्टल से दारोगा को गोली मारी थी वह झाड़ी से निकाली और फायर कर दिया। पुलिस ने घेराबंदी की। गन्ने के खेत में कांबिंग करते समय विनय ने फिर फायर कर दिया। जवाबी फायरिंग में पुलिस की गोली विनय को लग गई। खून से लथपथ विनय को पुलिस पहले सीएचसी और फिर जिला अस्पताल लेकर पहुंची थी। सिपाही सुमित कैलाशी अस्पताल में भर्ती है।

युवक की हत्या का पर्दाफाश, समलैंगिक प्रेमी ने ही किया था मर्डर

नोएडा। कोतवाली सेक्टर-142 पुलिस ने गांव शहदरा में 30 दिसंबर 2023 की रात हुई धनेश नामक युवक की हत्या का पर्दाफाश कर दिया है। धनेश की हत्या उसके समलैंगिक प्रेमी ने सिर में ईंट मारकर की थी। हत्या के बाद शव को प्लाट में फेंक दिया था। पुलिस ने करीब एक माह बाद घटना का पर्दाफाश करते हुए आरोपित को जेल भेज दिया है।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि शहदरा गांव का धनेश रंगाई-पुताई का काम करता था। 30 दिसंबर की रात लगभग साढ़े 11 बजे घर से निकला था। इसके बाद धनेश वापस नहीं लौटा। स्वजन ने अगले दिन 31 दिसंबर की सुबह से धनेश को खोजना शुरू किया। स्वजन ने धनेश के दोस्तों से संपर्क किया और गांव में संभावित स्थानों पर खोजबीन शुरू की।

31 दिसंबर की शाम लगभग चार बजे गांव में एक प्लाट में धनेश का शव औंधे मुंह पड़ा दिखाई दिया। धनेश के सिर के पिछले हिस्से में किसी भारी वस्तु से वार किया गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर स्वजन की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया था।

जांच के दौरान पुलिस को धनेश के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल और उसके मोबाइल में रिकॉर्डिंग मिली। जिसके बाद पुलिस ने गांव की झुग्गियों में रहने वाले सूर्यबली को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में पता चला कि धनेश समलैंगिक था। धनेश और सूर्यबली अक्सर मिलते थे। यह बात सूर्यबली की पत्नी को नागवार गुजरती थी।

30 दिसंबर 2023 की रात धनेश जब सूर्यबली के घर पहुंचा तो सूर्यबली की पत्नी ने विरोध जताया। इसके बाद सूर्यबली ने साथ जाने से इन्कार कर दिया। इसी बात को लेकर सूर्यबली और धनेश के बीच झगड़ा हो गया।

हाथापाई के दौरान सूर्यबली ने ईंट से धनेश के सिर पर कई वार किए। धनेश जमीन पर गिर गया और उसे उठाकर लहूलुहान हालत में प्लॉट में फेंक दिया। अत्यधिक खून बह जाने के चलते धनेश की मौत हो गई। एडीसीपी ने बताया कि आरोपित सूर्यबली को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

ऑनलाईन परीक्षा देते पकड़े गए दो मुन्नाभाई

साहिबाबाद। लिंकरोड और साहिबाबाद के दो परीक्षा केंद्रों से उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक), सहायक परिचालक एवं कर्मशाला कर्मचारी की सीधी भर्ती 2022 की आनलाईन परीक्षा देते हुए दो मुन्ना भाई पकड़े गए हैं। पुलिस की ओर से दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जिले में नौ केंद्रों पर उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो संवर्ग में प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक), सहायक परिचालक एवं कर्मशाला कर्मचारी की सीधी भर्ती 2022 की ऑनलाईन परीक्षा चल रही है।

दो पाली में यह परीक्षा 29 जनवरी से आठ फरवरी तक चलेगी। साहिबाबाद कोतवाली क्षेत्र के एस्पायरिंग विंग्स इन्फोटेक रामाकृष्णा विहार केंद्र पर अभ्यर्थी कमल सिंह की जगह एटा का विवेक पुरी परीक्षा दे रहा था।

वहीं, लिंकरोड थाना क्षेत्र में साइट चार के वास इंडिया कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटिड परिसर कॉम्प्लेक्स में अभ्यर्थी राजीव कुमार की जगह अवधेश यादव परीक्षा देते पकड़ा गया।

दोनों स्थानों पर फोटो और बायोमेट्रिक मिसमैच होने पर पकड़ा गया। केंद्र पर ड्यूटी पर तैनात निरीक्षकों ने संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सहायक पुलिस आयुक्त साहिबाबाद रजनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि दोनों स्थानों पर पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। टीम जांच कर रही है।

झांसे में लेकर बेच दिए प्लॉट, अब परेशानी झेल रहे लोग

गाजियाबाद। कालोनाइजर इन दिनों शहर में लोगों के जीवन भर की कमाई डकार रहे हैं। कॉलोनी को जीडीए से स्वीकृति बताकर लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। जबकि वास्तव में कॉलोनी जीडीए से स्वीकृत नहीं हैं।

प्लॉट बेचते समय उन्हें बताया गया कि यहां पार्क, चौड़ी सड़कें, बिजली आदि की सुविधा होगी, लेकिन सुविधा के नाम पर कुछ नहीं मिला। सीकरी खुर्द गांव से ऐसे ही करीब तीस लोग शनिवार को मोदीनगर तहसील पहुंचे और आरोपित कालोनाइजर के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। लोगों ने कहा कि सीकरी खुर्द में काफी समय पहले कॉलोनी शुरू की गई थी। कालोनाइजर के झांसे में आकर यहां प्लाट खरीद लिया। लेकिन अब तक यहां मूलभूत सुविधा नहीं हैं। कॉलोनी में नालियां नहीं हैं। पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। घरों से निकला गंदा पानी खाली प्लाट में ही एकत्र हो रहा है। जिससे कालोनी में दुर्गंध फैली रहती है। इतना ही नहीं, कॉलोनी में कुछ जगहों पर तो बिजली की लाइन भी नहीं बिछाई गई। लोग बुरी तरह परेशान आ चुके हैं। परेशान लोगों ने आरोपित कालोनाइजर के खिलाफ कई बार पहले भी शिकायत की थी। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

अब एसडीएम को शिकायत दी है। इस मौके पर राहुल गुर्जर, ओमपाल सिंह, वरुण, गौरव, रविंद्र, राधा, सोनू, अमित, उत्तम, अंकुश, सौरव, सतेंद्र, कपिल, मोहित, सोनू आदि उपस्थित रहे। एसडीएम मोदीनगर ने बताया कि शिकायत के आधार पर संबंधित अधिकारी को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांक : 2101 /निर्माण/न0पा0परि0दा0/2023-24 दिनांक: 02.02.2024

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा जिलाधिकारी महोदय, गौतमबुद्धनगर के पत्र सं0-27/एल0बी0सी0 दिनांक 24.01.2024 के क्रम में नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा विभिन्न वार्डो में 15वां वित्त आयोग निधि (टाईड ग्रान्ट) के अन्तर्गत 08 कार्यो की ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ई0/डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 23.02.2024 को समय सांय 05:00 बजे तक ऑमत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए ई-निविदा दे सकता है। ई-निविदाओं का विस्तृत विवरण-निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम-शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। यदि ई-निविदा खोलने की तिथि को सक्षम अधिकारी की अनुपलब्ता होने के कारण या सार्वजनिक अवकाश घोषित होने पर ई-निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

निविदा की समय सारणी (www.etender.up.nic.in पर)

1.	वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय	दिनांक 05.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से
2.	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	दिनांक 05.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से
3.	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	दिनांक 23.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक
4.	ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि/समय	दिनांक 24.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से

नोट :-ई-निविदा संशोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट **www.etender.up.nic.in** बेबसाईट को लगातार देखते रहें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
दादरी, (गौतमबुद्धनगर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
दादरी, (गौतमबुद्धनगर)

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक
रामपाल सिंह रघुवंशी
ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर,
ए-131 सेक्टर-83,
नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100,
4576372, 2518200
Mo.: 9811735566,
8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

खास खबर

जोधपुर से उदयपुर का सफर अब ट्रेन से भी कर सकेंगे, 770 करोड़ की मंजूरी

जोधपुर, एजेंसी। राजस्थान के जोधपुर से उदयपुर का सफर अब ट्रेन से भी कर सकेंगे।

बहुत जल्द जोधपुर से उदयपुर की सीधी कनेक्टिविटी होगी। इसके लिए 75 करोड़ रुपए केंद्र सरकार ने सेंक्शन कर दिए है। साथ ही लंबे समय से मेड़ता पुष्कर के लिए नई लाइन का इंतजार था अब वह भी खत्म होने वाला है। मेड़ता पुष्कर नई रेलवे लाइन के लिए 50 करोड़ रुपए की मंजूरी मिल गई है। दरअसल केंद्र सरकार के बजट में जोधपुर रेलवे मंडल को 770 करोड़ की सौगात मिली है। हालांकि कुछ कार्य अंब्रेला प्रोजेक्ट में भी होंगे। ऐसे में कुछ पैसा इस मद से भी जोधपुर मंडल को मिलेगा। बता दें कि जोधपुर से उदयपुर के लिए सीधी ट्रेन नहीं होने से परेशान थी ।उल्लेखनीय है कि इससे पहले 2020 में आम बजट में उत्तर पश्चिम रेलवे को विभिन्न कार्यों के लिए बजट आवंटन किया गया है। इसमें जोधपुर रेल मण्डल को विभिन्न योजनाओं के लिए 508 करोड़ रुपयों का बजट आवंटन किया था। जबकि उत्तर पश्चिम रेलवे के केपिटल आउट-ले वर्ष 2020-21 के बजट में 6408.92 करोड़ आवंटित किया था। सरकार की ओर से जारी बजट यात्री सुविधाओं, दोहरीकरण, नई लाइन निर्माण, पुल-सुरंग निर्माण सहित विभिन्न मदों में व्यय किया जाएगा। राईकाबाग-डेगाना दोहरीकरण के लिए 145 किलोमीटर लंबे मार्ग के लिए 107 करोड़ रुपए घोषित किए है। वहीं पहले से चल रहे 108.75 किमी लंबे फुलेरा-डेगाना दोहरीकरण के लिए 103 करोड़ रुपए आवंटित किए है। इसके अलावा जोधपुर में इंफ्रास्ट्रक्चर फैसिलिटी अपग्रेड करना, कोच केयर सेंटर में लिफ्टिंग क्षमता में वृद्धि आदि कार्यो के लिए बजट आवंटन किया था।

राजस्थान में नई आबकारी नीति जारी, पुराने लाइसेंस रिन्यू होंगे

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में भजनलाल सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए नई

आबकारी नीति जारी की है। इसके तहत मदिरा दुकानों का फिर से नवीनीकर किया जाएगा। वित्त विभाग ने नई आबकारी नीति को जारी किया है। नई आबकारी नीति के तहत मौजूदा ऑनलाइन नीलामी प्रक्रिया को जारी रखा जाएगा। मौजूदा संचालित दुकानों की लोकेशन स्वीकृति स्वत: हो सकेगी, जो दुकाने अभी चल रहीं है नई भी उस में खुल सकेगी। वहीं समय पर दुकानों का बंदोबस्त होने से राजस्व बढ़ने का हवाला दिया गया हैय् नीति में राजस्व बढ़ाने का हवाला दिया गया है. जिसका सीधा फायदा आबकारी विभाग को पहुंचने वाला है। नई आबकारी नीति में पुराने प्रावधानों को ही बरकरार रखा है। शराब की मौजूदा दुकानों को ही 31 मार्च 2025 तक के लिए रिन्यू किया जाएगा। नए सिरे से आवेदन लेकर लॉटरी नहीं होगी। दुकानों की संख्या भी पहले जितनी ही रहेगी। सालाना गारंटी राशि में 10 फीसदी बढ़ोतरी की गई है। शराब की दुकानों के खुलने का समय सुबह 10 से शाम 8 बजे तक ही रहेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गहलोत सरकार ने दो साल पहले आबकारी नीति जारी की थी। जिसके अनुसार आरएसबीसीएल के जरिए एसी मॉडल शॉप दुकानें खोली जाने का प्रावधान किया गया था। इसी प्रकार एयरपोर्ट पर भी दुकान खोलने के लिए अनुमति दी गई थी। जिन पर प्रीमियम शराब, हैरिटेज लिकर, प्रीमियम वाईन और प्रीमियम बीयर और असेसरीज ही बेचने की अनुमति होगी। होटल संचालकों को लाइसेंस का नवीनीकरण एक साथ कराने पर 20 फीसदी शुल्क में छूट का प्रावधान किया गया है। मतलब 4 साल की फीस देने पर 5 साल का मिलेगा लाइसेंस। नशे के खिलाफ जागरुकता और प्रचार प्रसार ने प्रावधान भी किए है।

छत्तीसगढ़ में पहली बार किसी नाबालिग को आजीवन कारावास की सजा

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के इतिहास में यह पहला मामला है जिसमें किसी नाबालिग को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। यह मामला बालौदाबाजार का है, जहां 7 साल की नाबालिग से रेप और उसकी हत्या के मामले में कोर्ट ने सजा सुनाते हुए तीन लोगों को आजीवन कारावास में भेज दिया है। कोर्ट ने मामले में इस केस में अरेस्ट हुए एक नाबालिग समेत उसकी मां और पड़ोसी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह घटना 25 मई साल 2021 की है, जिले के पौंसरी गांव के एक कुंए में बच्ची की शव मिला था। जब पुलिस की मौजूदगी में बच्ची के शव को निकाला गया तो उसके हाथ पैर बंधे हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद जांच शुरु कर दी थी। पुलिस की जांच में पता चला कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है फिर उसकी हत्या की गई है। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि बच्ची अपने पड़ोसी के घर खेलने गई थी। जहां आरोपी के द्वारा उसके साथ पहले दुष्कर्म किया फिर उसे लगा कि बच्ची इस बात को किसी को बता न दे तो उसकी हत्या कर दी। इस हत्या की जानकारी उसने अपने पड़ोसी दोस्त को दी। जिसके बाद दोस्त ने के साथ आरोपी ने मिलकर उसके हाथ पैर बांधे और उसके शव को कुएं में फेक दिया। इस पूरी बात की जानकारी आरोपी की मां को भी थी, जिसने सारा सच छुपाया था। कोर्ट की कार्यवाही के बाद मामले की जानकारी देते हुए लोक अभियोजक समीर अग्रवाल ने बताया कि इस पूरे अपराध की स्थिति को देखते हुए पॉस्को एक्ट में संशोधन किया गया है।

जब घर वालों ने ही शिबू सोरेन को दिया था धोखा, गंवानी पड़ी थी मुख्यमंत्री की कुर्सी

रांची, एजेंसी। लगभग ढाई दशक के झारखंड के इतिहास में रघुबर दास को छोड़कर एक भी मुख्यमंत्री ने पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है। जमीन घोटाला मामले में ईडी की गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन को भी चार साल बाद ही पद से इस्तीफा देना पड़ा है। उनके पिता और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष शिबू सोरेन जिन्होंने झारखंड आंदोलन का बढ़-चढ़कर नेतृत्व किया, के नाम सबसे कम दिनों तक मुख्यमंत्री रहने और मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए विधानसभा उप चुनाव हार जाने का भी रिकॉर्ड है। हालांकि, शिबू सोरेन तीन-तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री बने लेकिन कभी भी वह छह महीने का कार्यकाल पूरा नहीं कर सके। 2005 में पहली बार झारखंड बनने के बाद विधानसभा के चुनाव हुए थे। 81 सदस्यीय विधानसभा में किसी भी दल या गठबंधन को बहुमत नहीं मिला था। हालांकि, 30 सीटें जीतकर बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। जेडीयू उस वक्त बीजेपी के साथ थी, जिसे 6 सीटें मिली थीं। यानी ह्ष्ठ को कुल 36 सीटें मिली थीं। शिबू सोरेन की पार्टी झामुमो को तब सिर्फ 17 सीटों पर जीत मिली थी। उसकी सहयोगी पार्टी कांग्रेस को 9 सीटें मिली थीं। इस तरह यूपीए को कुल 26 सीटें मिली थीं, जो एनडीए से 10 कम थी। बावजूद इसके राज्यपाल सैयद

सिब्ते रजी ने शिबू सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया था। शिबू उस वक्त केंद्र की यूपीए सरकार में मंत्री थे और 42 विधायकों के समर्थन का दावा किया था। राज्यपाल रजी ने तब एनडीए के सरकार बनाने के दावे को ठुकरा दिया था। बहरहाल, 2 मार्च, 2005 को शिबू सोरेन को मुख्यमंत्री पद की थपथ दिलाई गई लेकिन उनकी सरकार 10 दिनों में ही गिर गई। वह बहुमत साबित करने में विफल रहे। इसके बाद बीजेपी की अगुवाई में एनडीए सरकार बनी। अर्जुन मुंडा सीएम बने। उन्हें मधि कोड़ा समेत तीन निर्दलीय विधायकों ने भी समर्थन दिया था। सितंबर 2006 में तीनों निर्दलीय विधायकों ने मुंडा सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद 18 सितंबर, 2006 को निर्दलीय मधु कोड़ा नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री बने। उनकी सरकार में झामुमो, राजद, एनसीपी, फॉरवर्ड ब्लॉक शामिल रही। कांग्रेस ने कोड़ा सरकार को बाहर से समर्थन दिया। कोयला घोटाला में फंसने के बाद उन्हें कुर्सी छोड़नी पड़ी। 28 अगस्त 2008 को जब शिबू सोरेन दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने, तब वह दुमका से सांसद थे। मुख्यमंत्री पद पर बने रहने के लिए उनके सामने छह महीने के अंदर यानी 28 फरवरी 2009 तक झारखंड विधानसभा का सदस्य बनने की संवैधानिक मजबूरी थी। तब उनके लिए एक सुरक्षित सीट की तलाश की जा रही थी, जहां से वह आसानी से जीत दर्ज कर सकें लेकिन बिडंबना देखिए कि जिस शख्स ने सैकड़ों विधायक और दर्जनों सांसद बनाए, उसके लिए कोई भी अपनी सीट छोड़ने को तैयार नहीं था। वरिष्ठ पत्रकार अनुज कुमार सिन्हा ने अपनी किताब झारखंडः राजनीति और हालात में लिखा है, जब गुरूजी (शिबू सोरेन) को चुनाव लड़ने के लिए एक सीट की जरूरत पड़ी, तो कोई भी सीट खाली करने को तैयार नहीं हुआ। यहां तक कि बेटा और बहू भी अपनी सीट छोड़ने को राजी ना हुए। पुराने दोस्तों ने भी ऐसा करने से इनकार कर दिया और कहा कि जब बेटे-बहू ने सीट खाली नहीं की तो हम क्यों करें? किताब में लिखा गया है कि तब उनके ही विधायकों ने उनसे बोर्ड-निगम में पदों के लिए खूब बारगेनिंग की थी। चंपई सोरेन भी तब सरायकेला से झामुमो के ही विधायक थे। खैर, जेडीयू विधायक रमेश सिंह मुंडा के निधन से खाली हुई तमाड़ सीट पर उप चुनाव में शिबू सोरेन यूपीए के उम्मीदवार बनाए गए लेकिन झारखंड पार्टी के उम्मीदवार गोपाल कृष्ण पातर उर्फ ??राजा पीटर ने उन्हें हरा दिया।

कहीं बारिश तो कहीं घना कोहरा, अगले 5 दिनों तक हो सकती है बारिश

नईदिल्ली, एजेंसी। पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और उत्तरी राजस्थान के साथ-साथ सिक्किम के कई हिस्सों में कल न्यूनतम तापमान 9-12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। देश के उत्तरी हिस्सों में ये सामान्य से अधिक रहा। बिहार के मोतिहारी में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों के लिए जो पूर्वानुमान लगाया है उसके मुताबिक, जम्मू, कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। आईएमडी ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि 3 से पांच फरवरी के बीच मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश हो सकती है। इसी दौरान पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में छिटपुट स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, इन इलाकों में छिटपुट ओलावृष्टि की भी संभावना है। 3 और 4 फरवरी को राजस्थान के अलग-अलग इलाकों में भी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिनों तक असम, मेघालय, सिक्किम, नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा में छिटपुट वर्षा होगी। पंजाब, हरियाणा के कुछ हिस्सों में सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। वहीं, चंडीगढ़ और दिल्ली में भी 2 फरवरी को घने कोहरे की संभावना है। आज ही के दिन उत्तर प्रदेश, उत्तरी राजस्थान और उत्तर-पश्चिमी मध्य प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान बिहार में अलग-अलग हिस्सों में सुबह कुछ घंटों के लिए घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की संभावना है। वहीं, मौसम विभाग ने जो राहत की खबर दी है वह यह है कि देश भर में कहीं भी शीतलहर में कमी आने की प्रबल संभावना है। अगले 5 दिनों के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान में कोई महत्वपूर्ण बदलाव की संभावना नहीं है।

टेस्ट ट्यूब बेबी भी बन गया पिता, एक ही अस्पताल में पैदा हुए बाप और बेटा

मुंबई, एजेंसी। 30 साल पहले चेंबूर के एक कपल ने मुंबई के अस्पताल में टेस्ट ट्यूब बेबी को जन्म दिया था। अब वह टेस्ट ट्यूब बेबी लव सिंह भी पिता बन गए हैं। गौर करने वाली बात है कि लव सिंह की पत्नी हरलीन कौर में उसी अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया है जिसमें लव का जन्म हुआ था। लव के माता-पिता चेंबूर के रहने वाले थे। उन्होंने मुंबई के जसलोक अस्पताल में ही टेस्ट ट्यूब तकनीक की मदद से लव को जन्म दिया था। उस सयम यह तकनीक काफी नई थी। उनसे आठ साल पहले टेस्ट ट्यूब तकनीक से हर्षा चावड़ा शाह का जन्म हो चुका था। हालांकि लव का जन्म इंट्रासाइटोप्लाज्मिक स्पर्म इंजेक्शन (आईसीएसआई) से कराया गया जो कि और एडवांस तकनीक थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक लव सिंह अब एक प्रॉपर्टी ऐडवोकेट हैं। 28 जनवरी को वह भी जसलोक अस्पातल में ही पिता बन गए। भारत में आईसीएसआई की तकनीक लाने वाली फिरोजा पारिख की देखरेख में ही इस बच्चे का भी जन्म हुआ है। उन्होंने कहा, लव की पत्नी का गर्भधारण प्राकृतिक था लेकिन वे लोग मुझे परिवार की तरह ही मानते हैं इसलिए चाहते थे कि मेरी ही देखरेख में बच्चे का जन्म हो। गुरुवार को लव सिंह की पत्नी को अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। बता दें कि डॉ. पारीख 1989 में येल यूनिवर्सिटी से वापस लौटी थीं। इसके बाद भारत में उन्होंने आईसीएसआई तकनीक पर शोध किया और फिर एक स्पर्म से गर्भधारण को लेकर उन्होंने उपलब्धि हासिल की।

सरकारों को रोजगार सृजन पर ध्यान देना चाहिए, मुफ्तखोरी पर नहीं: रघुराम राजन

जयपुर, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री रघुराम राजन ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारों को युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा करने पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, न कि केवल अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए मुफ्त सुविधाओं पर। उन्होंने कहा कि सुचारू विकास पथ सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल और शिक्षा पर जोर देना सर्वोपरि है।

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में बोलते हुए, राजन ने कहा कि सरकार को विकेंद्रीकरण के लिए तैयार रहना चाहिए, क्योंकि इसका लाभ दिल्ली, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और अन्य केंद्रीय एजेंसियों द्वारा हाल के मामले अलोकतांत्रिक हैं, क्योंकि नेताओं (विपक्ष से) को चुनते समय नागरिकों के पास

बहुत कम विकल्प बचे हैं।

अर्थशास्त्री रोहित लांबा के साथ ब्रेकिंग द मोल्डः रीइमेजिनिंग इंडियाज इकोनॉमिक फ्यूचर (पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया) लिखने वाले राजन ने कहा, लोकतंत्र और मुक्त भाषण उन क्षेत्रों के विकास के लिए सर्वोपरि हैं जिन्हें अनुसंधान, रचनात्मकता और नए विचारों की आवश्यकता है। इस बात पर जोर देते हुए कि पुस्तक को हर कोई आसानी से समझ सकता है, अर्थशास्त्री ने कहा, हमें चीन की तरह अन्य देशों की विकास कहानी का अनुसरण नहीं करना है, बल्कि अपना रास्ता बनाना है, अपनी ताकत को पहचानना और उन पर निर्माण करना महत्वपूर्ण है। क्रिप्टोकरेंसी के बारे में राजन ने कहा कि यह एक तकनीक है, हालांकि कुछ पैसा लगाना ठीक हो सकता है, जिससे अगर नुकसान हो, तो सहा जा सके, लेकिन अपनी जीवन भर की बचत को दांव पर लगाना एक बुरा विचार है। यह समझने की ज़रूरत है कि क्रिप्टो को विनियमित नहीं किया जा रहा है, और कई ऑपरेटरों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। पुस्तक का एक बड़ा हिस्सा रोजगार सृजन से संबंधित है और लेखकों का कहना है कि बेरोजगारी अशांति का कारण बन रही है।

राजन ने कहा, युवा आरक्षण की तलाश कर रहे हैं, क्योंकि उनका मानना है कि अच्छी नौकरियां केवल सरकार में ही मौजूद हैं। सरकार को यह महसूस करने की जरूरत है कि लोगों के उत्थान का सबसे अच्छा तरीका, रोजगार सृजन की सुविधा प्रदान करना है। हम एक आलसी प्रतिक्रिया सुनते हैं कि चीजें जल्द ही बेहतर होंगी। यह अभी लगभग जुनूनी अंदाज में करना महत्वपूर्ण है। हम भविष्य में बहुत ज्यादा कदम नहीं उठा सकते।

प्लास्टफोकस 2024 यशोभूमि, द्वारका में अत्याधुनिक मशीनें हैं प्रदर्शित

नई दिल्ली **एजेंसी।** प्लास्टिक उद्योग में भारत की प्रमुख अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का बहुप्रतीक्षित दूसरा संस्करण, प्लास्टफोकस 2024, आज यशोभूमि (आईआईसीसी), द्वारका, नई दिल्ली में शुरू हो गया। 5-दिवसीय प्लास्टफोकस 2024 भारत सरकार के रसायन और उर्वरक मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय, सरकार द्वारा समर्थित है।

प्रदर्शनी का उद्घाटन एस्ट्रल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संदीप इंजीनियर ने किया। इस अवसर पर संदीप इंजीनियर ने प्लास्टिक उद्योग के बारे में अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, अगले 10 साल भारतीय उद्योग के सबसे अच्छे साल होने जा रहे हैं। भारत विभिन्न व्यवसायों में तीव्र गति से बढ़ रहा है। परन्तु आज भी हमें कुछ मशीनों का विकसित देशों से आयात करना पड़ता है। जब खरीदार यहां हैं तो निर्माता यहां क्यों नहीं हो सकते.

प्लास्टफोकस का यह संस्करण 1,00,000 वर्ग मीटर के विशाल क्षेत्र में आयोजित है, जिसमें 1200 स्टालों की मेजबानी की गई है और भारत के हर कोने से प्रतिभागियों के अलावा, लगभग 18 देशों के 50 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शकों को आकर्षित किया गया है। 300 से अधिक अत्याधुनिक मशीनें इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेंगी। इस कार्यक्रम में, लगभग 2 लाख आगंतुकों के आने की उम्मीद है।

प्लास्टिक मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (पीएमएमएआई) के अध्यक्ष तुषार पारिख ने विचार साझा करते हुआ कहा, ÷भारत के प्लास्टिक उद्योग की जीवंत टेपेस्ट्री के भीतर, प्रत्येक धागा नवीनता और लचीलेपन के साथ बुना गया है। प्लास्टफोकस 2024 में हम प्रौद्योगिकी और स्थिरता के सामंजस्य

से भारत की प्रतिभा एक हरित और अधिक सस्टेनेबल कल की तरफ प्रेरित करती है।

प्लास्टिक उद्योग अर्थव्यवस्था और सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान के साथ साथ रोजगार के अवसर प्रदान करता है। प्लास्टफोकस 2024 नवाचारों का एक व्यापक प्रदर्शन है, जो कच्चे माल से लेकर अत्याधुनिक तकनीक तक फैला हुआ है, और उद्योग के भविष्य को आकार देने वाले सहयोग को बढ़ावा देता है। प्लास्ट्फॉक्स 2024 में मौजूद रीसाइक्लिंग पवेलियन जिम्मेदार प्लास्टिक उपयोग के प्रति उद्योग और प्रबंधकों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनेगा उत्तराखंड, कमेटी ने सौंपा ड्राफ्ट, सरकार 6 फरवरी को पेश करेगी विधेयक

देहरादून, एजेंसी। सीएम पुष्कर सिंह धामी सरकार ने उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता-यूनीफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) लागू करने की तैयारी लगभग पूरी कर ली है। यूसीसी के ड्राफ्ट को तैयार करने के लिए गठित विशेषज्ञ कमेटी 2 फरवरी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को रिपोर्ट सौंप दी है।

सीएम धामी सरकार की 03 फरवरी को कैबिनेट बैठक में मंजूरी के बाद 06 फरवरी को विधानसभा सत्र में विधेयक लाएगी। अगर ऐसा होता है तो यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बना जाएगा। उत्तराखंड विधानसभा सत्र 05 फरवरी से शुरू हो रहा है। आपको बता दें कि धामी ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तराखंड में यूसीसी को लागू करने का वादा किया था। सीएम धामी सरकार उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के लिए सरकार एक कदम और आगे बढ़ गई है। विदित हो कि सीएम धामी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। मई 2022 में गठित कमेटी को उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। विशेषज्ञ कमेटी ने ड्राफ्ट तैयार करने से पहले 143 बैठकें कीं और 2.31 लाख से ज्यादा लोगों से सुझाव लिए गए थे। सरकार ने पिछली बार सितंबर में कमेटी का कार्यकाल चार महीने के लिए बढ़ा दिया था, जो समय सीमा अब 25

जनवरी को समाप्त हो गई थी। इसके बाद सरकार ने फिर इसका कार्यकाल बढ़ाया। पहले माना जा रहा है कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद राज्य सरकार को रिपोर्ट मिल जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ था। सीएम धामी का कहना था कि यूसीसी पर राज्य की जनता से किए गए वादे को भी पूरा किया जा रहा है। विदित हो कि समान नागरिक संहिता पर बनाई गई कमेटी का विगत दिनों कार्यकाल बढ़ाया गया था, लेकिन सीएम धामी के संकेत के बाद माना जा रहा है कि उत्तराखंड में यूसीसी लागू हो सकता है।

वामपंथियों ने लाखों को मार डाला, नहीं करेंगे गठबंधन; ममता बनर्जी का बड़ा ऐलान

कोलकाता, एजेंसी। इंडिया गठबंधन में शामिल वाम दलों के खिलाफ ममता बनर्जी के तेवर शांत नहीं हो रहे हैं। इसके साथ ही इंडिया गठबंधन में टूट की आशंका भी बढ़ गई है। टीएमसी प्रमुख ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर केंद्र में सरकार को बेदखल करने के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) या सीपीआई (एम) के साथ गठबंधन की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में अपने शासन के दौरान विपक्षी कार्यकर्ताओं की हत्याएं कराने के लिए सीपीआई (एम) जिम्मेदार थी। उन्होंने कहा, मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकता हूं कि हम दिल्ली में सरकार बनाएंगे। हम केंद्र में सरकार कैसे और किस तरीके से बनाएंगे, यह हम लोकसभा चुनाव के बाद समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय दलों के साथ बातचीत के माध्यम से तय करेंगे।

वामदलों के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए उन्होंने कहा, सीपीआई (एम) ने सत्ता में रहते हुए लाखों लोगों की हत्या की थी। उन्होंने कई लोगों की जान ले ली और कई घरों को तबाह कर दिया। उन्होंने सिंगूर में तापसी मलिक को जिंदा जला दिया। लोगों को आग लगा दी गई और उनके शवों को नंदीग्राम की हल्दी नदी में फेंक दिया गया। हम

कभी भी सीपीआई (एम) के साथ गठबंधन में नहीं जाएंगे। उन्होंने शांतिपुर में भी इसी तरह के भयानक अपराध को अंजाम दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने पहले कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से इनकार करते हुए कहा था कि उनकी पार्टी राज्य में अकेले चुनाव लड़ने और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को हराने में काफी सक्षम है। वहीं, टीएमसी नेता और ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कांग्रेस पर उंगली उठाई और सीट-बंटवारे की चर्चा में विफलता के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। आपको बता दें कि विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीट-बंटवारे के एजेंडे पर विचार-विमर्श करने के लिए दिल्ली में हाल ही में बैठक की थी। उस बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राकांपा प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता टीआर बालू और सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी शामिल थे। ममता बनर्जी ने खुद को कांग्रेस से दूर कर लिया है। इससे पहले जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार ने बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए में फिर से शामिल होकर गठबंधन को एक और झटका दिया। इंडिया गठबंधन को एक प्लेटफॉर्म पर लाने में नीतीश कुमार ने अहम भूमिका निभाई थी।

बजट में बढ़ती हुई महंगाई से त्रस्त जनजीवन को नकारना दुखद : मायावती : लखनऊ, एजेंसी। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संसद में पेश हुए केंद्रीय बजट पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पूर्व, संसद में पेश बजट जमीनी वास्तविकता से दूर, चुनावी लुभावने वाला ज्यादा है। बजट में देश की गरीबी, बेरोजगारी व बढ़ती हुई महंगाई से त्रस्त जनजीवन को नकारना दुखद व चिंतनीय है। एक अन्य पोस्ट में सरकार पर तंज कसते हुए उन्होंने लिखा, देश की अर्थव्यवस्था व विकास संबंधी सरकारी दावों व वादों में जमीनी सच्चाई होती तो देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों को फ्री में राशन का मोहताज बनकर जीवन जीने को मजबूर नहीं होना पड़ता।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

विशाखापत्तनम में भारत का पलड़ा रहेगा भारी मुकाबला

नई दिल्ली। भारतीय टीम इस समय अपने घर में इंग्लैंड के साथ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। सीरीज के पहले मुकाबले में शर्मा कंपनी को 28 रनों से इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। वहीं अब सीरीज का दूसरा मुकाबला आज 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में है, जिसे भारतीय टीम हर हाल जीतना चाहेगी। हालांकि विशाखापत्तनम में भारतीय टीम अभी तक कोई भी मैच नहीं हारी है। ऐसे में टीम को इसका फायदा मिलने की पूरी संभावना है।

सभी मुकाबलों में 200 प्लस रनों से जीत

इस मैच में भारतीय टीम के पास जीत दर्ज कर वापसी करने का सुनहरा मौका है। वैसे भी इस मैदान पर टीम का धांसू प्रदर्शन है। दरअसल, विशाखापत्तनम के वाईएस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में भारत का टेस्ट रिकॉर्ड अब तक बेहतर रहा है। इस पर भारतीय टीम अब तक कोई टेस्ट मैच नहीं हारी है। उसने इस स्टेडियम में अब तक 2 टेस्ट मैच खेल और दोनों में ही जीत दर्ज की है। खास बात ये है कि भारतीय टीम ने इस मैदान पर खेले गए दोनों टेस्ट मुकाबलों को 200 से ज्यादा रनों के अंतर से जीता है।

मैदान पर कोहली की गैरमौजूदगी में पहला मैच

इस मैदान पर भारतीय टीम ने पहला टेस्ट इंग्लैंड के खिलाफ ही नवंबर 2016 में खेला था। तब विराट कोहली ने कप्तानी पारी खेलते हुए 167 और 81 रन बनाए थे। उस मैच को भारतीय टीम ने 246 रनों से जीता था। कोहली प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। मगर अब विशाखापत्तनम मैच में कोहली मौजूद नहीं रहेंगे। इसके बाद भारतीय टीम ने दूसरा यानी पिछली टेस्ट मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ अक्टूबर 2019 को खेला था। तब भी कोहली कप्तान थे, लेकिन रोहित शर्मा ने दोनों पारियों में शतक (176 और 127) लगाया था। वो ही प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। उस मैच को भारतीय टीम ने 203 रनों से जीता था।

भारत का स्क्वॉड

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वॉशिंगटन सुंदर और सौरभ कुमार।

टीम में किसकी जगह लेंगे सरफराज

नई दिल्ली। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान टीम इंडिया को दो स्टार खिलाड़ी केएल राहुल और रविंद्र जडेजा चोटिल हो गए थे। उनकी जगह टीम में सौरव कुमार और सरफराज खान को जगह दी गई थी। सरफराज को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया, जिसका उन्हें काफी समय से इंतजार था। खान को घरेलू सर्किट पर उनके निरंतर प्रदर्शन और फिर इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की वजह से टीम इंडिया में जगह मिली। अब टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर दीप दासगुप्ता ने मुंबई के इस बल्लेबाज के चयन पर सवाल उठाते हुए दो बड़े प्रश्न किए। दीप दासगुप्ता ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए सरफराज खान की तारीफ की और कहा कि पिछले कुछ साल से वह घरेलू स्तर पर लगातार रन बना रहे थे साथ ही इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की थी, लेकिन दीपदास गुप्ता ने कहा कि प्लेइंग इलेवन में सरफराज खान की जगह कहां बनती है साथ ही उन्होंने किस बड़े मैचों में रन बनाए हैं। दीप दासगुप्ता ने कहा कि सरफराज खान ने पिछले दो-तीन साल में खूब रन बनाए हैं और इंग्लैंड ए के खिलाफ भी उन्होंने रन किए, लेकिन दो बड़ा सवाल है।

सरफराज के खिलाफ नहीं दीप

दीप ने आगे कहा कि सबसे बड़ा सवाल है कि वह किसकी जगह खेलेंगे क्योंकि हम बड़े आराम से कह देते हैं कि इन्हें प्लेइंग इलेवन में होना चाहिए पर मैच सिर्फ 11 की खेलते हैं और टीम में 15-16 खिलाड़ी होते हैं। वहीं दूसरा प्रश्न यह है कि मैंने लोगों से कहते सुना है कि उन्होंने बड़े मैचों में कब रन बनाए हैं। दीप ने आगे कहा कि जब हम फर्स्ट क्लास मैचों की बात करते हैं तो वहां 37 टीमें होती हैं और आप कुछ बेहद औसत दर्जे की टीम के खिलाफ खेलते हैं। हालांकि किसी टीम के खिलाफ मुझे यह नहीं कहना चाहिए, लेकिन क्वालिटी रन काफी अहम होते हैं। मैं यह सरफराज खान के खिलाफ नहीं कह रहा हूं।

चोट के बाद भविष्य के बारे में सोचने लगे पंत

बेंगलुरु। भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत ने अपने कार एक्सीडेंट को याद करते हुए कहा कि उस दिन मुझे लगा कि दुनिया में मेरा टाइम पूरा हो गया है। 26 साल के पंत ने पहली बार उस घटना पर बात की है। उन्होंने बातचीत में कहा कि पहली बार मुझे जिंदगी में लगा कि मेरा समय खत्म हो चुका है। दुर्घटना के समय मुझे पता था कि मुझे कहां-कहां चोट लगी है। यह और भी गंभीर हो सकता था, लेकिन मैं भाग्यशाली रहा।' मैं आजीवन इन दोनों लड़कों का आभारी रहूंगा। घुटना पूरी तरह डिसलोकेट हो गया था पंत ने दुर्घटना के समय को याद करते हुए बताया- मेरा दायां घुटना पूरी तरह से डिसलोकेट हो गया था और 180 डिग्री तक मुड़ गया था। मैंने आस-पास खड़े लोगों से घुटने को अपनी जगह पर लाने के लिए मदद मांगी।' फिलहाल, अब वे रिकवरी कर चुके हैं और आगामी आईपीएल सीजन से क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।

खुद को भाग्यशाली मानते ऋषभ

पंत बताते हैं कि वे दर्द से कराह रहे थे और अब खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें दुर्घटना के दौरान अपना पैर नहीं गंवाना पड़ा। अगर हड्डी के अलावा किसी नस को नुकसान पहुंचा होता तो यह भी संभव था कि वे मेरा पैर, शरीर से अलग कर देते। पंत ने कहा कि जब से मैंने क्रिकेट खेलना शुरू किया था, मैं कभी भविष्य के बारे में नहीं सोचता था, लेकिन इस चोट के बाद मैंने भविष्य के बारे में सोचना शुरू किया। मैंने डॉक्टर से पूछा कि चोट से उबरने में मुझे कितना समय लगेगा। मैंने फिर डॉक्टर से कहा कि आप जितना समय दे रहे हैं, मैं उसमें से छह महीने घटा लूंगा।

लंबे इंतजार के बाद शॉ की टीम में वापसी

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। वहीं दूसरी ओर भारत के कई खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं। इस दौरान एक खिलाड़ी ऐसा है, जिसने लंबे इंजरी ब्रेक के बाद टीम में वापसी की है। दरअसल, यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि पृथ्वी शॉ हैं। शॉ अपने घुटने के लिगामेंट की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं। उन्हें मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने आज 2 फरवरी से बंगाल के खिलाफ शुरू होने वाले मैच के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। गौरतलब हो कि नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) द्वारा पांच महीने से अधिक समय के बाद क्रिकेट में वापसी के लिए शॉ को फिट घोषित करने के बाद यह फैसला लिया गया है। बता दें कि 24 वर्षीय खिलाड़ी को इंग्लैंड में रॉयल लंदन वन-डे कप के दौरान चोट लगी थी, जब उन्होंने नॉर्थम्पटनशायर के लिए खेलते हुए टूर्नामेंट के इतिहास में 244 का उच्चतम स्कोर बनाया था। दिलचस्प बात यह है कि पहले एनसीए ने एमसीए को सूचित किया था कि वह शॉ को मैदान पर लौटने की अनुमति देने से पहले उच्च कार्यभार के मामले में उनका परीक्षण करना चाहता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक एनसीए ने एमसीए को यह बात बताई थी कि पृथ्वी शॉ अपनी बल्लेबाजी और फील्डिंग प्रैक्टिस में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। खेल में वापसी करने से पहले वह अपने घायल घुटने के लिगामेंट के लिए जरूरी मजबूती विकसित करने के लिए अगले 3 हफ्तों में कई तरह से अभ्यास से गुजरेंगे।

मेसी का सामना नहीं करेंगे रोनाल्डो

नई दिल्ली। फुटबॉल प्रेमियों को बड़ा झटका लगा है। दर असल, अल-नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को कहा कि चोट के कारण क्रिस्टियानो रोनाल्डो मैच नहीं खेलेंगे। फैंस को बहुत ही बुरा महसूस हो रहा है। लियोनेल मेसी के साथ बहुप्रतीक्षित मुकाबला से चूक गए। रोनाल्डो पिंडली की चोट से उबर रहे हैं और गुरुवार को रियाद में अल-नासर और इंटर मियामी के बीच प्रदर्शनी मैच में खेलने के लिए समय पर फिट नहीं हो पाएंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेसी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को यहां मुकाबला होना है। अल नासर के कोच लुईस कास्ट्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है वह अगले कुछ दिन में फिट होंगे। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा।'



मार्क वुड की जगह जेम्स एंडरसन खेलेंगे दूसरा टेस्ट

नई दिल्ली। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 एक दिन पहले ही घोषित कर दी है। 41 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन मार्क वुड की जगह लेंगे। वहीं इंजर्ड लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच की जगह 20 साल के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर डेब्यू करेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का दूसरा टेस्ट कल यानी 2 फरवरी से खेला जाएगा। मुकाबला विशाखापट्टनम में सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड टीम ने दूसरे टेस्ट की प्लेइंग-11 में 2 ही बदलाव किए हैं। एंडरसन टीम में एकमात्र पेसर रहेंगे। वहीं बशीर टीम के दूसरे ऑफ स्पिनर रहेंगे। उनके अलावा जो रूट भी पार्ट टाइम ऑफ स्पिन फेंकते हैं, लेकिन पहले टेस्ट में उन्होंने दोनों पारियां मिलाकर 48 ओवर गेंदबाजी की थी। ऐसे में उन्हें पार्ट टाइमर तो नहीं ही कहा जा सकता। रूट फिलहाल टेस्ट ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में भी चौथे नंबर पर हैं। टीम में लेग स्पिनर रेहान अहमद भी खेलेंगे।

भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

भारतीय गेंदबाजों की बखिया उधेड़ने रूट ने की प्रैक्टिस

नई दिल्ली। भारत-इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच कल शुक्रवार 2 से विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। इंग्लैंड की टीम सीरीज में 1-0 से आगे हैं। वह चाहेगी कि दूसरे मैच में भी अच्छा प्रदर्शन करे और जीते। बेन स्टोक्स की अगुआई वाली टीम के लिए चिंता का कारण पूर्व कप्तान जो रूट की फॉर्म है। टीम के प्रमुख बल्लेबाज पहले टेस्ट में बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था।

रूट कर रहे स्विच हिट की प्रैक्टिस

इंग्लैंड की टीम चाहेगी कि जो रूट जल्द फॉर्म में वापसी करें, क्योंकि इन परिस्थितियों में उनसे बेहतर बल्लेबाज कोई नहीं हो सकता। रूट भी इस बात को समझते हैं और फॉर्म में वापसी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों की बखिया उधड़ने के लिए दूसरे टेस्ट से पहले मंगलवार को नेट्स में खूब पसीना बहाया। इस दौरान वह बाएं हाथ से बल्लेबाजी करते नजर आए। उनका खास अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए वीडियो इंग्लैंड की बार्मी आर्मी ने शेयर किया है। जो रूट को इस वीडियो में स्विच हिट खेलते देखा जा सकता है। भारतीय स्पिनर्स के खिलाफ स्विच हिट कारगर हथियार साबित हो सकता है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इसे सीक्रेट वेपन की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

डकेट ने भी खेला था रिवर्स स्वीप

इंग्लैंड बल्लेबाज पहले से ही स्पिन के खिलाफ स्वीप और रिवर्स स्वीप का इस्तेमाल कर रहे हैं पहले टेस्ट में दोहरा शतक से चूकने वाले ओली पोप ने रिवर्स स्वीप से खूब रन बंटोरे थे। उनके अलावा ओपनर बेन डकेट ने भी खूब रिवर्स स्वीप खेला था। जो रूट भी पहली पारी में स्वीप खेलकर ही आउट हुए थे। रविंद्र जडेजा ने उनका विकेट लिया था। दूसरी पारी में जसप्रीत बुमराह ने उन्हें आउट किया था। उन्होंने पहली पारी में 29 और दूसरी पारी में 2 रन बनाए थे। हालांकि, रूट भले ही बल्ले से न चले हों, लेकिन गेंद से उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया।

साक्षी ने खेलमंत्री से लगाई गुहार

नई दिल्ली। डब्लूएफआई विवाद के बीच पहलवान साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर एक खिलाड़ी का सर्टिफिकेट साझा कर बीजेपी सांसद बृजभूषण के करीबी संजय सिंह पर सवाल उठाए। कहा कि सरकार द्वारा गतिविधियों से सस्पेंड करने के बाद भी संजय सिंह खिलाड़ियों को फर्जी सर्टिफिकेट बांट रहे हैं। जब खिलाड़ी नौकरी लेने जाएंगे तो उन पर सरकार कार्रवाई करेगी, इससे पहले अभी सरकार संजय सिंह पर कार्रवाई करे। साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि 'भारत सरकार ने बृजभूषण के साथी संजय सिंह की गतिविधियों को सस्पेंड कर दिया था। उसके बावजूद संजय सिंह अपनी मनमर्जी चला नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप करवा रहे हैं। खिलाड़ियों को फर्जी सर्टिफिकेट बांट रहे हैं, जोकि गैरकानूनी है। खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित रेसलिंग नेशनल चैंपियनशिप जयपुर में आयोजित की जानी है। लेकिन, उससे पहले ही कुश्ती पर अपना दबदबा साबित करने के लिए संजय सिंह गैरकानूनी तरीके से अलग नेशनल चैंपियनशिप के सर्टिफिकेट दस्तखत कर बांट रहे हैं। डब्लूएफआई से सस्पेंड आदमी कैसे संस्था के पैसे का दुरुपयोग कर सकता है।

डिविलियर्स के कहने पर विराट ने एल्गर से मांगी थी माफी

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने दावा किया है कि भारत के बल्लेबाज विराट कोहली ने एक टेस्ट मैच के दौरान उन पर थूका था। एल्गर ने भी विराट को मारने की धमकी दी थी। दो साल बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर टीम के साथी एबी डिविलियर्स के कहने के बाद उन्होंने एल्गर से माफी मांगी थी। एल्गर ने सोमवार को एक पोडकास्ट में इस बात का खुलासा किया। एल्गर ने साल नहीं बताया, लेकिन अनुमान लगाया गया कि यह 2015 में साउथ अफ्रीका के भारत दौरे के दौरान यह घटना हुई जब उनकी कोहली और आर अश्विन के साथ झड़प हुई थी। एल्गर ने कहा कि, जब मैं बल्लेबाजी करने आया और अश्विन गेंदबाजी कर रहे थे। उस दौरान कोहली ने मुझ पर थूका। मैंने उससे कहा कि अगर तुम ऐसा करोगे तो मैं तुम्हें इसी बल्ले से मार डालूंगा। एल्गर ने खुलासा किया - जब डिविलियर्स को पता चला कि कोहली ने क्या किया है, तब वो उसके पास गए और पूछा, तुम मेरी टीममेट पर क्यों थूक रहे हो?' दो साल बाद विराट ने मुझे फोन किया और कहा कि वह माफी मांगना चाहते हैं।

कोहली ने एल्गर को दी थी रिटायरमेंट की बधाई

एल्गर ने अपनी कहानी समाप्त करते हुए कहा, हमने 3 बजे तक ड्रिंक किया और हां, वह कोहली के साथ मेरी पहली मुलाकात थी। हाल ही में साउथ अफ्रीका और भारत के बीच दूसरे टेस्ट के बाद कोहली और एल्गर मजाक-मस्ती करते नजर आए थे। विराट ने एल्गर को रिटायरमेंट की बधाई दी और उनकी आखिरी पारी के बाद गले भी लगाया था। हाल ही में साउथ अफ्रीका और भारत के बीच दूसरे टेस्ट के बाद कोहली और एल्गर मजाक-मस्ती करते नजर आए थे। रिटायरमेंट की बधाई दी और उनकी आखिरी पारी के बाद गले भी लगाया था। एल्गर भारत के खिलाफ साउथ अफ्रीका की दो टेस्ट मैचों की सीरीज के बाद संन्यास ले लिया।

एसीसी के अध्यक्ष बने रहेंगे जय शाह

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष बने रहेंगे। एसीसी की ओर से बुधवार 31 जनवरी 2024 को जारी बयान में कहा गया है कि जय शाह के विस्तार का प्रस्ताव श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने किया था। जय के नामांकन को सभी एसीसी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अपना समर्थन दिया था। बुधवार को बाली में एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में उनके कार्यकाल विस्तार को एक और वर्ष के लिए सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। बता दें कि जय शाह जनवरी 2021 में सबसे पहले एसीसी के चेयरमैन बने थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन से यह जिम्मेदारी संभाली थी। कार्यकाल में मिले इस विस्तार के बाद जय शाह ने एक रिकॉर्ड भी कायम कर दिया है। जय शाह लगातार एसीसी चेयरमैन के रूप में दूसरी बार कार्यकाल विस्तार पाने वाले पहले व्यक्ति बने हैं। इस सेवा विस्तार के बाद जय शाह की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि मैं एसीसी बोर्ड का आभारी हूं कि मुझ पर फिर से भरोसा जताया।

गिल पर लटकी तलवार!

नई दिल्ली। भारतीय टीम और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला हैदराबाद में हुआ था, जिसमें 4 दिन में ही भारतीय टीम को 28 रनों से हार झेलनी पड़ी थी। इस तरह इंग्लैंड टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। अब सीरीज का दूसरा मुकाबला कल 2 फरवरी से विशाखापत्तनम के वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 9.30 बजे से खेला जाएगा। इस मुकाबले में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए प्लेइंग-11 चुनना सिरदर्द से कम नहीं होगा। इसका कारण है कि स्क्वॉड में विराट कोहली, रवींद्र जडेजा, केएल राहुल और मोहम्मद शमी नहीं हैं। जबकि शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर बेहद खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। कप्तान रोहित खुद रन बनाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में दूसरे टेस्ट के लिए कड़े फैसले लिए जा सकते हैं।

गिल ने 11 पारियों में नहीं बनाई कोई फिफ्टी

गिल और अय्यर दोनों को या इनमें से किसी एक को बाहर बैठाया जा सकता है। इनकी जगह रजत पाटीदार और सरफराज खान को मौका मिल सकता है। यदि ऐसा होता है, तो यह रजत और सरफराज का डेब्यू मुकाबला भी रहेगा। हालांकि गिल और अय्यर को बाहर बैठाने की उम्मीद बेहद कम है। यदि दोनों खेलते हैं तो फिर रजत या सरफराज में से किसी एक को मौका मिलेगा। गिल ने पिछले 6 टेस्ट मैचों की 11 पारियों से कोई फिफ्टी नहीं लगाई है। उनका आखिरी अर्धशतक मार्च 2023 में आया था। तब उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में सीधे 128 रनों की पारी खेलकर शतक ही जमाया था। जबकि श्रेयस ने पिछले 6 टेस्ट की 10 पारियों से फिफ्टी नहीं लगाई है।

चोट के चलते दूसरे दूसरे टेस्ट मैच से बाहर लीच!

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जा रही है। इंग्लैंड की टीम सीरीज में 1-0 से आगे है। इस बीच भारतीय टीम को कई बड़े झटके लग चुके हैं। और विराट कोहली के बाद रविंद्र जडेजा और केएल राहुल भी दूसरे मैच से बाहर हो गए हैं। वहीं दूसरी तरफ इंग्लैंड के सबसे अनुभवी स्पिनर जैक लीच भी टीम से बाहर हो सकते हैं। खबरें हैं कि लीच हैदराबाद में खेले गये पहले टेस्ट के दौरान चोटिल हो गए थे। उन्हें घुटने में चोट लगी गई थी, जिससे वे पूरी तरह से उबरने में विफल रहे हैं। ऐसे में पांच मैचों की सीरीज में शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में उनका खेलना संदिग्ध है। लीच ने बुधवार को टीम के अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया। उन्हें मैदान के बाहर फिजियो से इलाज कराते देखा गया। टीम के उनके साथी खिलाड़ी जैक क्राउली ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'वह काफी मजबूत इंसान है।

बशीर से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

लीच अगर चोट से उबरने में विफल रहे तो टीम में उनकी जगह ऑफ स्पिनर शोएब बशीर को मौका मिल सकता है। वीजा संबंधी समस्या के कारण बशीर देर से भारत पहुंचे थे और हैदराबाद टेस्ट में पदार्पण नहीं कर सके थे। सलामी बल्लेबाज क्राउली को भरोसा है कि अगर बशीर को मौका दिया गया तो वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, 'वह एक शानदार खिलाड़ी है। उसे खुद पर काफी भरोसा है। वह जानता है कि वह अपनी गेंदबाजी के साथ क्या करने की कोशिश कर रहा है और वह खुद का समर्थन करता है।

रेल मंत्री ने एक साधारण टिशू पेपर पर दर्ज सुझाव को गंभीरता से लिया

सह-यात्री की याचिका पर रेल मंत्री ने दी त्वरित प्रतिक्रिया

नयी दिल्ली/एजेंसी।

रेल मंत्री अश्विन वैष्णव और पूर्वी रेलवे ने सह-यात्री अक्षय संथालिया के प्लास्टिक कचरे के परिवहन और अन्य सुझावों के प्रस्ताव पर तेजी से कार्रवाई की है।

कल देर रात दिल्ली-कोलकाता विस्तारा एयरलाइंस में रेल मंत्री वैष्णव ने बोर्ड पर उपलब्ध एक साधारण टिशू पेपर पर लिखे सह-

यात्री के आग्रह को सहर्ष स्वीकार कर लिया और संथालिया के आग्रह को धैर्यपूर्वक सुना। मंत्री ने निर्देश पर संथालिया से पूर्वी रेलवे के महाप्रबंधक ने संपर्क किया, महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर चर्चा के लिए 6 फरवरी को महाप्रबंधक और संथालिया के बीच एक बैठक रखी गयी है। जो बात इस घटना को अलग करती है वह यह है कि संपूर्ण आदान-प्रदान और प्रतिबद्धता एक साधारण टिशू पेपर पर दर्ज की गई थी जिसे रेल मंत्रालय द्वारा अत्यधिक महत्व दिया गया था। मंत्री के व्यावहारिक दृष्टिकोण से आश्चर्यचकित संथालिया ने मंत्री और पूर्वी रेलवे की टीम की ओर से प्रदर्शित दक्षता के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की। यह घटना प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के साथ भारत में हो रहे सकारात्मक और सक्रिय परिवर्तनों के प्रमाण के रूप में कार्य करती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेल मंत्रालय की त्वरित प्रतिक्रिया बेहतर प्रशासन, सक्रिय विकास पहल और हमारे राष्ट्र के लिए स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य के लिए समर्पित वर्तमान केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। अक्षय संथालिया ने रेल मंत्रालय की ऐसी पहलों पर अत्यधिक संतुष्टि व्यक्त की और वर्तमान केंद्र सरकार के सुशासन को और अधिक कार्यकाल तक जारी रखने की इच्छा व्यक्त की।

रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी की कीमत 25,999 रुपये से शुरू

नयी दिल्ली/एजेंसी।

स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी रियलमी ने अपनी प्रीमियम नंबर सीरीज में सबसे नया स्मार्टफोन रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी पेश करने की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां कहा कि रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी में दो स्मार्टफोन, रियलमी 12 प्रो प्लस 5जी और रियलमी 12 प्रो 5जी लांच किए गए हैं। ये दोनों स्मार्टफोन नेक्स्ट-जेन इमेजिंग स्मार्टफोन हैं, जो रियलमी की पुनर्निर्मित 'मेक इट रियल' ब्रांड भावना की ओर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं, और युवाओं के अनुरूप ब्रांड की एक नयी पहचान प्रस्तुत करते हैं। रियलमी 12 प्रो प्लस 5जी में अगली जनरेशन की इमेजिंग तकनीक है और इसमें फुल-फोकल-लेंथ, लॉसलेस जूम क्षमताओं और क्वालकॉम के सहयोग से विकसित प्रोप्राइटरी मास्टरशॉट एल्गोरिदम संभव बनाने के लिए अत्याधुनिक पेरिस्कोप टेलीफोटो टेक्नोलॉजी दी गई है। रियलमी 12 प्रो प्लस 5जी रियलमी की ओर से सबसे नया प्रीमियम स्मार्टफोन है, जो युवाओं के लिए फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का अनुभव नए आयाम में ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। उसने कहा कि रियलमी ने सदैव अपने ग्राहकों को बेहतरीन डिजाइन के साथ नई टेक्नोलॉजी प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। रियलमी डिजाइन स्टूडियो ने रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी के लक्जरी वॉच-प्रेरित डिजाइन के लिए प्रसिद्ध लक्जरी वॉच डिजाइन मास्टर ओलिवियर सेवियो के साथ भी सहयोग किया है। रियलमी ने सर्वश्रेष्ठ सिनेमेटोग्राफी के लिए ऑस्कर विजेता, क्लाउडियो मिरांडा के साथ भी सहयोग किया है, ताकि इस सीरीज के लिए उनकी पुरस्कार विजेता फिल्मों से प्रेरित तीन कैमरा फिल्टर तैयार किए जा सकें। इस लॉन्च के बारे में मोबाइल, कंप्यूट और एक्सआर, बिजनेस डेवलपमेंट, क्वालकॉम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सौरभ अरोड़ा ने कहा, 'स्नैपड्रैगन 7एस जेन 2 पर चलने वाला रियलमी 12 प्रो सीरीज 5जी विभिन्न यूजर अनुभवों के साथ प्रीमियम अनुभव प्रदान करने के लिए अपने पार्टनर्स के के साथ काम करने की हमारी प्रतिबद्धता पर बल देता है।

एमजी मोटर इंडिया ने अपने बेजोड़ वाहनों के साथ 100 साल पूरे किये

नयी दिल्ली/एजेंसी।

एमजी मोटर इंडिया द्वारा अपना शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है, जिसके उपलक्ष्य में कंपनी अपने 2024 रेंज के मॉडलों पर बेहतरीन मूल्यों का प्रस्ताव देकर कार खरीदने वालों की खुशी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कंपनी ने एमजी जैडएस ईवी के नए ट्रिम के साथ एमजी कॉमेट ईवी, एमजी हेक्टर, और एमजी ग्लॉस्टर के लिए आकर्षक मूल्य पेश किए हैं।

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के विस्तार की ओर महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कंपनी के जैडएस ईवी 'एक्जक्यूटिव' पेश किया है, जो ईवी पोर्टफोलियो की उपलब्धता बढ़ाकर ईवी को तेजी से अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। आगे-पीछे दोनों सीटों पर यात्रियों को लक्जरी से पूर्ण, आरामदायक और सुविधाजनक इन-केबिन अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया, विशाल जैडएस ईवी एक्ज़क्यूटिव 18.98 लाख* रुपये के आकर्षक मूल्य में उपलब्ध है। एमजी जैडएस ईवी 75 से अधिक कनेक्टेड फीचर्स और सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 50.3 केडब्लूएच प्रिज्मेटिक सेल आईपी69 के रेटेड एसआइएल-डी और यूएल 2580 बैटरी के साथ एक पॉवर-पैक्ड इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का अनुभव प्रदान करती है। इसकी बैटरी पूरी चार्ज हो जाने के बाद 461 किमी** की प्रमाणित रेंज प्रदान करती है, जिसके कारण यह काफ़ी कॉस्ट-इफेक्टिव मोबिलिटी सॉल्यूशन है।

एमजी हेक्टर 2019 में पेश की गई भारत की पहली इंटरनेट एसयूवी है। यह कार पैनोरमिक सनरूफ, भारत के सबसे बड़े 35.56 सेमी (14-इंच) एचडी पोर्ट्रेट इन्फोटेनमेंट सिस्टम, डिजिटल की और एडीएएस लेवल 2 जैसी श्रेणी की सबसे अच्छी और आधुनिक विशेषताओं के साथ आती है। हेक्टर डीजल में 2.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड इंजन लगा है, और यह इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम, ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम, हिल असिस्ट कंट्रोल जैसी एक्टिव सुरक्षा विशेषताओं के साथ सभी वैरिएंट्स में सनरूफ प्रदान करता है। एमजी हेक्टर पेट्रोल वैरिएंट का मूल्य 14.94 लाख* रुपये और डीजल वैरिएंट का मूल्य 17.50 लाख* रुपये से शुरू होता है। भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के परिवेश को मजबूत करने और ईवी अपनाने की दर बढ़ाने के अपने उद्देश्य की दिशा में एमजी ने कॉमेट ईवी का लॉन्च किया था, जो पर्यावरण के प्रति जागरूक शहरी ग्राहकों को मोबिलिटी का एक व्यावहारिक समाधान प्रदान करती है। एमजी द्वारा कॉमेट ईवी 6.99 लाख* रुपये से शुरुआती मूल्य में प्रदान की जा रही है।

स्टेट बैंक का मुनाफा 35 प्रतिशत घटा

नयी दिल्ली/एजेंसी। सावर्जनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने चालू वित्त वर्ष में दिसंबर 2023 की तिमाही में 9164 करोड़ रुपये का एकल लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 14205 करोड़ रुपये की तुलना में 35 प्रतिशत कम है।

बैंक ने आज यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस तिमाही में उसकी कुल एकल आय 118193 करोड़ रुपये रही है जबकि दिसंबर 2022 को समाप्त तिमाही में यह 98084 करोड़ रुपये रही थी। ब्याज आय में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है और यह पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के 86616 करोड़ रुपये की तुलना में दिसंबर 2023 की तिमाही में बढ़कर 106734 करोड़ रुपये हो गयी है।

उसने कहा कि इस दौरान उसकी गैर निष्पादित संपत्तियां सुधरी है। पिछले वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही सकल एनपीए 3.14 प्रतिशत था जो चालू वित्त वर्ष की समान अवधि में सुधरकर 2.42 प्रतिशत पर आ गया है। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 0.77 प्रतिशत से सुधरकर 0.64 प्रतिशत पर आ गया है। बैंक ने कहा कि इस तिमाही में उसका सकल मुनाफा 29 प्रतिशत घटा है और यह वित्त वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही के 15477 करोड़ रुपये से घटकर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में 11064 करोड़ रुपये पर आ गया है।

लेवल क्रॉसिंग व स्टेशन प्लेटफॉर्म पर कब्जे के खिलाफ चला ड्राइव

ढाकुरिया में पूर्व रेलवे के सीपीआरओ ने चलाया व्यापक सुरक्षा अभियान

कोलकाता।

पूर्वी रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद के देउस्कर के कुशल मार्गदर्शन में सक्रिय सुरक्षा पहल शुरू की गई है। इसके तहत शनिवार को ढाकुरिया में पूर्वी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) कौशिक मित्रा ने भव्य ड्राइव का आयोजन किया।

भारत सेवाश्रम संघ के स्वयंसेवकों के सहयोग से पूर्वी रेलवे के अधिकारियों और कर्मचारियों ने लेवल क्रॉसिंग पर अतिक्रमण और स्टेशन प्लेटफॉर्म पर अनधिकृत कब्जे के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। अभियान की ओर से लागों को जागरूक करते हुए बंद समपार फाटकों को पार न करने, ट्रेन के आवागमन के दौरान गेटमैन को गेट खोलने के लिए मजबूर न करने, निर्दिष्ट क्रॉसिंगों और पुलों का उपयोग करने और अतिक्रमण से बचने के लिए प्रेकिरत किया गया। लोगों से पटरियों के पास या चढ़ते-उतरते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, रेलवे पटरियों के पास एकत्र

नहीं होने, ट्रैक के पास सेल्फी सहित कोई फोटोग्राफी नहीं लेने, फुटबोर्ड पर खड़े न होने, चलती ट्रेनों में चढ़ने-उतरने से बचने की अपील की गयी। सीपीआरओ मित्रा के नेतृत्व में जनसंपर्क अधिकारियों, वाणिज्यिक विभाग, आरपीएफ कर्मचारियों और निरीक्षकों ने प्रमुख स्थानों पर सूचनात्मक पत्रक वितरित किए हैं, जिसमें लेवल क्रॉसिंग पर सुरक्षा दिशानिर्देशों पर जोर दिया गया है। जनता से सीधे जुड़ने, सुरक्षा उपायों और उल्लंघनों के परिणामों पर स्पष्टीकरण प्रदान करने के लिए इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किए गए। इस दौरान स्टेशन प्लेटफॉर्म से अवैध स्टॉलों को हटाने के लिए भी अभियान चलाया गया।

यह पाया गया कि स्टेशन पर कई अनधिकृत खाद्य स्टॉल यात्रियों की सुरक्षा को प्रभावित करते हुए आग का उपयोग कर रहे हैं। ढाकुरिया स्टेशन पर इन सभी दुकान मालिकों को सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने रेलवे परिसर से अपने स्टॉल हटाने और अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए सलाह दी।

यशस्वी और बुमराह का प्रहार, मैच भारत की गिरफ्त में

विशाखापत्तनम/एजेंसी।

यशस्वी जायसवाल (209) के शानदार दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह (45 रन पर छह विकेट) के कातिलाना प्रहार से भारत ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पकड़ मजबूत कर ली।

भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाये जिसके जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 253 रन पर सिमट गयी। दिन के खेल की समाप्ति तक मेजबान टीम अपनी दूसरी पारी में बगैर नुकसान के 28 रन बना चुकी थी। कप्तान रोहित शर्मा 13 रन और यशस्वी जायसवाल 15 रन बना कर क्रीज पर डटे थे। भारत की कुल लीड अब तक 171 रनों की हो चुकी है। भारतीय बल्लेबाजों की कोशिश तीसरे दिन लीड को 400 रन के पार पहुंचाने की होगी ताकि मेहमान टीम पर खासा दबाव बनाया जा सके।

आज के खेल का मुख्य आकर्षण युवा यशस्वी का दोहरा शतक रहा। बल्लेबाजी के लिये कठिन माने जानी वाली पिच पर मुंबई के बल्लेबाज ने असाधारण

- इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच का दूसरा दिन
- इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पकड़ मजबूत कर ली भारत ने

खेल का मुजाहिरा किया और करियर का पहला दोहरा शतक ठोक दिया। उन्होंने इंग्लिश स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर एक छक्का और एक चौका लगाकर 277 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के भारतीय भी बन गए। दोहरा शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय विनोद कांबली हैं, जिन्होंने 1993 में वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 21 साल और 35 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

इंग्लैंड की पारी के संवारने में जैक क्रॉली (78) का योगदान महती रहा जिन्होंने मात्र 76 गेंदों की पारी में भारतीय गेंदबाजों की बखिया उधेड़ दी। हालांकि भारत ने दूसरे सत्र की शुरुआत धमाकेदार तरीके से की थी जब कुलदीप यादव ने बेन डकेट को सिली-पॉइंट पर रजत पाटीदार के हाथों कैच कराया लेकिन दूसरे छोर पर क्राली का आक्रामक अंदाज जारी रहा। भारत के लिये खतरनाक साबित हो रहे क्राली को अक्षर पटेल ने अपना शिकार बनाया। अक्षर की गेंद पर क्राली बड़ा शाट खेलने के प्रयास में श्रेयस अय्यर के हाथों लपके गये।

भारतीय कप्तान ने रिवर्स स्विग की उम्मीद में जसप्रीत बुमराह को गेंद थमायी और उन्होंने जो रूट को पहली स्लिप में शुभमन गिल के हाथों आउट कर दिया। इसके बाद उन्होंने ओली पोप को यॉर्कर से क्लीन बोल्ड कर दिया। बुमराह यहीं नहीं रुके और उन्होंने जॉनी बेयरस्टो (25) और कप्तान बेन स्टोक्स (47) को चलता कर इंग्लैंड की मुश्किलों में इजाफा किया। आखिरी के दो बल्लेबाज टॉम हार्टली (21) और जेम्स एंडरसन (6) भी बुमराह के शिकार बने। दूसरे छोर पर कुलदीप यादव (71 रन पर तीन विकेट) ने रन लुटाने के बावजूद विपक्षी टीम पर दबाव बनाये रखा।

इससे पहले जायसवाल ने अपना करिश्माई पहला टेस्ट दोहरा शतक बनाया जबकि ओवरनाइट बल्लेबाज रविचंद्रन अश्विन ने कुछ शानदार चौके लगाए, लेकिन एंडरसन ने उन्हे स्टंप के पीछे बेन फॉक्स के हाथों कैच करा दिया। जायसवाल ने स्पिनरों के खिलाफ जोखिम भरे मौके लेने शुरू कर दिए, लेकिन इंग्लैंड रन रेट को नियंत्रण में रखने में कामयाब रहा। एंडरसन ने रफ्तार पर परिवर्तन करते हुये यशस्वी की यादगार पारी का अंत किया। वह जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच आउट हो गए। भारत की पुंछल्ले बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे ज्यादा देर तक नहीं टिक सके।

आर्यन और करण के दोहरे शतक से यूपी ने खड़ा किया रन का पहाड़

कानपुर/एजेंसी। आर्यन जुयाल (201) और करण शर्मा (208) के दोहरे शतकों की मदद से मेजबान उत्तर प्रदेश ने रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में असम के खिलाफ शनिवार को अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 548 रन बनाकर समाप्त घोषित कर दी।

ग्रीनपार्क मैदान पर दिन का खेल खत्म होने तक असम ने बगैर किसी नुकसान के अपनी पहली पारी में 116 रन बना लिये थे। परवेज मुशर्रफ 53 रन और राहुल हजारिका 51 रन बना कर क्रीज पर डटे थे। असम अभी भी मेजबान टीम की पहली पारी से 432 रन पीछे है।

मुरादाबाद के 22 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन ने आज सुबह के सत्र में अपने प्रथम श्रेणी करियर का पहला दोहरा शतक 278 गेंद खेल कर पूरा किया। इस दौरान उन्होने 21 चौके और एक छक्का लगाया। यूपी के दूसरे शतकवीर दिल्ली के मूल निवासी करण शर्मा ने दोहरा शतक ठोक कर अपने उन आलोचकों को करारा जवाब दिया जो उन पर बाहरी होने का तंज कसते आये हैं।

करण के आउट होने के कुछ देर बाद ही कप्तान नितीश राणा ने पारी समाप्ति की घोषणा कर दिन के खेल के अंतिम सत्र का फायदा उठाने की कोशिश की मगर असम की सलामी जोड़ी ने मेजबान गेंदबाजों को मायूस किया और अर्धशतकीय नाबाद पारियां खेल कर अपने इरादे जाहिर कर दिये।

श्रीलंका मार्च में करेगी बांग्लादेश का दौरा

पहला टेस्ट 22 मार्च को और दूसरा टेस्ट 30 मार्च से खेला जाएगा

कोलंबो/एजेंसी।

श्रीलंका की टीम मार्च में दो टेस्ट मैचों के लिए बांग्लादेश का दौरा करेगी। दौरे में पहला टेस्ट 22 मार्च को दूसरा टेस्ट 30 मार्च से खेला जाएगा।

क्रिकइंफो से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश के टेस्ट इतिहास का यह पहला मौका होगा, जब टेस्ट सीरीज का एक भी मैच राजधानी ढाका के शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में नहीं खेला जाएगा। उस समय यह मैदान बांग्लादेश महिला बनाम ऑस्ट्रेलिया महिला सीरीज के आयोजन में व्यस्त होगा।

टेस्ट सीरीज से पहले टी20 और वनडे सीरीज भी खेला जाएगा। श्रीलंका की टीम एक मार्च को ढाका पहुंचेगी। उसी दिन ढाका में बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) का फाइनल होना

भी निर्धारित है। तीन टी20 चार, छह और नौ मार्च को सिलेट में खेले जाएंगे। पहले दो मैच शाम छह बजे, वहीं अंतिम मैच दोपहर तीन बजे शुरू होगा। इसके बाद तीन वनडे मैचों की सीरीज 13 मार्च से शुरू होकर 18 मार्च तक चलेगी। सभी वनडे मैच चटगांव में खेले जाएंगे। पहले दो मैच डे-नाईट होंगे जबकि तीसरा मैच सुबह 10 बजे से शुरू होगा। यह बांग्लादेश में पिछले 11 सालों में सबसे जल्दी शुरू होने वाला वनडे मैच होगा। यह सीरीज रमजान के महीने में खेला जाएगा। इससे पहले बांग्लादेश ने पिछले साल भी रमजान के महीने में आयरलैंड के खिलाफ टी20 और एकमात्र टेस्ट की सीरीज खेली थी।

टेस्ट मैच में दोहरा शतक लगाने वाले यशस्वी जायसवाल तीसरे सबसे युवा भारतीय बल्लेबाज

277 गेंदों में पूरा किया अपना दोहरा शतक

विशाखापत्तनम/एजेंसी।

यशस्वी जायसवाल ने शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन टेस्ट क्रिकेट में अपना पहला दोहरा शतक लगाया।

उन्होंने इंग्लिश स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर एक छक्का और एक चौका लगाकर 277 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया। वह यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे सबसे कम उम्र के भारतीय भी बन गए। दोहरा शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय विनोद कांबली हैं, जिन्होंने 1993 में वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ 21 साल और 35 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। कांबली 21 साल और 55 दिन की उम्र में नंबर दो स्थान पर रहे थे जब उन्होंने 1993 में दिल्ली के फिरोज शाह कोटला में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपना दूसरा दोहरा

शतक बनाया था। दोहरा शतक बनाने वाले दूसरे सबसे कम उम्र के भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर हैं जिन्होंने 1971 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ 21 साल और 283 दिन की उम्र में अपना पहला दोहरा शतक बनाया था।

टेस्ट इतिहास में सबसे कम उम्र के दोहरे शतकधारी पाकिस्तान के जावेद मियांदाद हैं, जिन्होंने 19 साल और 140 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी।

जायसवाल टेस्ट दोहरा शतक बनाने वाले चौथे बाएं हाथ के बल्लेबाज भी हैं। इससे पहले विनोद कांबली, सौरव गांगुली और गौतम गंभीर ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

दूसरे छोर पर विकेट गिरने के बावजूद मुंबई के इस जीवट बल्लेबाज ने शानदार खेल का मुजाहिरा किया और पिच के बदलते व्यवहार के बीच अनुशासन बनाए रखा। जायसवाल के शानदार प्रदर्शन ने भारत को मजबूत स्थिति में लाने में मदद की, क्योंकि कोई अन्य बल्लेबाज पारी में अर्धशतक भी नहीं बना सका। उन्होंने न केवल ग्राउंड स्ट्रोक बल्कि हवाई शॉट भी लगाए।

देवानंद की 110 सदाबहार फिल्मों की नीलामी!

फिल्मी पर्दे का सबसे जवां चेहरा, जिसकी शख्सियत में थी गजब की ताजगी और जिसके हुनर में थी मोतियों सी चमक। दरअसल हम बात कर रहे हैं फिल्मी इतिहास के सदाबहार अभिनेता देवानंद की, जो भले आज हमारे बीच नही हैं लेकिन उनका बेजोड़ अभिनय और उम्दा निर्देशन आज भी फिल्मी पर्दे का अभिमान है। साल 2024 देवानंद के चाहने वालों के लिए एक सुनहरा मौका लाया है जहां उनकी नायाब फिल्मों के अनछुए पोस्टर, तस्वीरें, शोकार्ड, लॉबी कार्ड पर लगेगी सबसे बड़ी बोली। पिछले वर्ष के दौरान डेरिवाज़ एंड इव्स ने सत्यजीत रे, अमिताभ बच्चन की बच्चनलिया और राज कपूर के यादगार संग्रह कला की नीलामी की सफलता के साथ एक अद्भुत प्रदर्शन किया। और अब साल 2024 की शुरुवात में यह ऑनलाइन नीलामी, सिनेमाई आइकन - देव आनंद पर बेची गई फिल्म प्रचार कला का बेहतरीन संग्रह है। बाजी, काला बाजार, सी.आई.डी., काला पानी, गाइड, तेरे घर के सामने, हरे रामा हरे कृष्णा, जॉनी मेरा नाम, हीरा पन्ना जैसे क्लासिक्स से लेकर इसमें दुर्लभ और पुरानी फोटोग्राफिक तस्वीरें, पोस्टर, शोकार्ड, लॉबी कार्ड भी शामिल हैं। उनकी कम चर्चित फिल्मों जैसे आराम, मिलाप, माया, मंजिल, कहीं और चल, बारिश, बात एक रात की, सरहद, किनारे किनारे आदि के गीत पुस्तिकाएं। मुख्य आकर्षणों में सोलह काला बाजार और जॉनी मेरा नाम लॉबी काड्र्स का एक दुर्लभ सेट, गाइड से आठ प्रथम रिलीज प्रचार ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफिक चित्र, हरे रामा हरे कृष्णा से पंद्रह रंगीन फोटोग्राफिक चित्र शामिल हैं। मुनीमजी, मिलाप, सरहद, माया, मंजिल, किनारे किनारे, गाइड, गैंबलर, डालिंग डालिंग के दुर्लभ और खूबसूरती से डिजाइन किए गए पोस्टर, और काला पानी, किनारे किनारे, बनारसी बाबू और अमीर ग़रीब के अनूठे भारतीय कोलाज्ड हस्तनिर्मित शोकार्डहैं।

मैकग्रेगर से स्टंट सीख रही उर्वशी

बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों तेलुगु स्टार नंदामुरी बालकृष्ण के साथ प्रोफेशनल बॉक्सर कॉनर मैकग्रेगर से एक्शन और स्टंट सीख रही हैं। इस दौरान रौतेला ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर वर्ल्ड फेमस एमएमए फाइटर कॉनर मैकग्रेगर के साथ दो तस्वीरें साझा की हैं। इन दोनों तस्वीरों को शेयर करते हुए उर्वशी रौतेला ने बताया कि वह कॉनर मैकग्रेगर के साथ ट्रेनिंग ले रही हैं। उर्वशी ने अपने कैप्शन में यह भी बताया है कि वह इस फिल्म में फीमेड लीड कर रही हैं, जो एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आने वाली हैं। वहीं, दूसरी तरफ उर्वशी रौतेला के साथ काम करने के अपने एक्सपीरियंस के बारे में बात करते हुए एमएमए फाइटर कॉनर मैकग्रेगर ने कहा,'शाहरुख खान के बाद मैं जिस एकमात्र बॉलीवुड फिल्म हस्ती को जानता हूं वह उर्वशी रौतेला हैं। जरा उनकी खूबसूरती और लोकप्रियता को देखिए। वह एक बेहतरीन अदाकारा और कलाकार हैं।' उन्होंने आगे कहा, वह बेहद सुंदर हैं। मुझे यकीन है कि आप उन्हें जल्द ही और ज्यादा हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में देखेंगे। उनके पास अमेजिंग फिटनेस रिपोर्ट है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, उर्वशी रौतेला के पास अक्षय कुमार के साथ 'वेलकम-3', बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदमुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके 109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर एक्सपेंडेबल्स का रीमेक), रणदीप हुडा के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश-2' और 'ब्लैक रोज' जैसे प्रोजेक्ट हैं। एक्ट्रेस 'जेएनयू' नामक अपकमिंग फिल्म में भी दिखाई देंगी, जो एक बायोपिक है, जहां वह जेसन डेरुलो के साथ स्पेशल म्यूजिक वीडियो के साथ एक कॉलेज पॉलिटिशियन की भूमिका निभा रही हैं।

अरबाज से अलग होकर खुशहाल जॉर्जिया

अरबाज खान की शादी के बाद पहली बार उनकी एक्स गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। इस दौरान जॉर्जिया ने कहा कि अपने साथी से अलग होने का खालीपन हमेशा रहेगा। किसी को जाने देना आसान नहीं होता, क्योंकि आप एक रिश्ते में किसी से जुड़े होते हो। लेकिन जब रिश्ता खत्म हो जाए तो आगे बढ़ना पड़ता है। गौरतलब हो कि अरबाज और जॉर्जिया लंबे समय तक एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। लेकिन उनका रिश्ता कुछ महीनों पहले ही खत्म हुआ था। फिलहाल अब अरबाज ने अचानक शूरा खान से शादी कर सबको सरप्राइज दे दिया। इसपर जॉर्जिया अपना दर्द बयां किया है। एक साक्षात्कार में जॉर्जिया ने कहा,"अरबाज एक अच्छे इंसान हैं। हां, हम अलग हो गए थे और अपने साथी से अलग होने का खालीपन हमेशा रहेगा। किसी को जाने देना आसान नहीं होता, क्योंकि आप एक रिश्ते में किसी से जुड़े होते हो। लेकिन जब रिश्ता खत्म हो जाए तो आगे बढ़ना पड़ता है। मैं उन्हें जीवन के दूसरे पड़ाव की तरफ बढ़ने के लिए शुभकामना देती है।" आपको बता दें कि जॉर्जिया ने इससे पहले अरबाज की पहली पत्नी मलाइका अरोड़ा के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था कि दोनों के रिश्ते में मलाइका कभी नहीं आईं। दोनों ने साल 2017 में एक दूसरे से तलाक लिया था।

ओटीटी पर 'एनिमल' का धमाल

बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के बाद अब रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म 'एनिमल' ओटीटी पर भी धमाल मचा रही है।

धमाल भी ऐसा कि रिकॉर्ड ब्रेक कर रही है। इस फिल्म को ओटीटी पर इतना बेहतरीन रिस्पांस मिल रहा है कि फिल्म के नाम एक और रिकॉर्ड बन गया है। सिर्फ तीन दिनों में इस फिल्म को दो करोड़ 80 लाख घंटे देखा गया। यानी कि 20.8 मिलियन व्यूज मिले हैं। 'एनिमल' फिल्म ओटीटी पर 26 जनवरी को रिलीज हुई थी। ऐसे में महज 3 दिन के अंदर फिल्म को ओटीटी पर अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा रहा है। जिसे 3 दिन के अंदर अपने नाम एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। जिससे इतना तो तय है कि इस फिल्म को देखने के लिए फैंस बेताब हैं। 'एनिमल' फिल्म में रणबीर ने जबरदस्त एक्टिंग की है। फिल्म में रश्मिका के साथ रणबीर की जोड़ी की खूब तारीफ हुई। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर करीबन 643 करोड़ का कलेक्शन किया। वहीं वर्ल्डवाइड कलेक्शन 890 करोड़ है। 'एनिमल' फिल्म के आने के बाद उसके अगले पार्ट को लेकर चर्चाएं तेज है। खबरों की मानें तो संदीप रेड्डी वांगा ने फिल्म की कहानी तैयार कर ली है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कहानी में जबरदस्त ट्विस्ट देखने को मिलेंगे। फिलहाल फिल्म का बेसिक प्लॉट तैयार किया गया है। जिसे आगे बढ़ाने पर राइटर्स इसी महीने से काम करना शुरू करेंगे। खबरों की मानें तो फिल्म में रणवविजय और गीतांजलि के झगड़ों को भी दिखाया जाएगा और रणबीर के हमशक्ल पर भी फोकस किया जाएगा।

अभिनय की दुनिया में प्रीति करेंगी वापसी

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा एक बार फिर अपने अभिनय करियर को लेकर सुर्खियों में हैं। खबरों के मुताबिक प्रीति सनी देओल स्टारर फिल्म 'लाहौर 1947' से कमबैक कर सकती हैं। हाल ही में उन्हें इस फिल्म के लुक टेस्ट के लिए मुंबई के एक स्टूडियो में भी देखा गया था। प्रीति आखिरी बार 'भैयाजी सुपरहिट' में नजर आई थीं। ये फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया, क्योंकि वो क्रिकेट वर्ल्ड से जुड़ चुकी थीं। 2008 में ही वो आईपीएल में पंजाब किंग्स की को-ओनर बन गई थीं। प्रीति का जन्म 31 जनवरी, 1975 को शिमला, हिमाचल प्रदेश में हुआ था। उनके माता-पिता का नाम दुर्गानंद जिंटा और नीलप्रभा है। प्रीति के पापा इंडियन आर्मी में ऑफिसर थे। जब प्रीति 13 साल की थीं तभी उनके पिता की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई थी। इस एक्सीडेंट में उनकी मां को भी गंभीर चोटें आई थीं जिसके कारण वह दो साल तक बिस्तर पर थीं। काफी इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार हो सका। इस हादसे का प्रीति की लाइफ पर भी गहरा असर पड़ा था। उन्हें इससे उबरने में काफी वक्त लगा था। प्रीति की स्कूलिंग शिमला के कॉन्वेंट ऑफ जीसस और मैरी स्कूल से हुई थी। इसके बाद उन्होंने सेंट बेड़े कॉलेज शिमला से आगे की पढ़ाई की। प्रीति बॉलीवुड की सबसे ज्यादा पढ़ी-लिखी एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने ग्रेजुएशन की पढ़ाई इंग्लिश ऑनर्स और पोस्ट ग्रेजुएशन क्रिमिनल साइकोलॉजी से किया था। अपने जीवन के 49 बसंत देख चुकी प्रीति बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं। उन्होंने 'कल हो ना हो', 'कभी अलविदा ना कहना', 'कोई मिल गया', 'सलाम नमस्ते', 'वीर जारा' समेत कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई थी। फिलहाल प्रीति अब अमेरिका में सेटल हो चुकी हैं।

अपनी शर्त पर भंसाली संग काम करेंगे रणबीर

रणबीर कपूर के सितारे इनदिनों बुलंदियों पर हैं खासकर एनिमल की सफलता के बाद। हाल ही में उन्हें इसी फिल्म के लिए बेस्ट अभिनेता का खिताब मिला और अब चचा है कि संजय लीला भंसाली उन्हें अपने आगामी प्रोजक्ट 'लव एंड वॉर' का हिस्सा बनाना चाहते हैं। खबरों की माने तो फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल पहली बार एक साथ नजर आएंगे। हालांकि रणबीर ने इस फिल्म पर काम करने के लिए भंसाली के सामने कुछ शर्तें रखी हैं। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग के लिए फिक्स्ड वर्किंग आवर्स पर काम करने को कहा। सूत्रों के मुताबिक 'भंसाली, रणबीर के काम के जबरदस्त फैन हैं। वो रणबीर के साथ काफी वक्त से काम करना चाहते थे। इससे पहले उन्होंने एक्टर को 'बैजू बावरा' ऑफर की थी पर रणबीर उस म्यूजिकल पीरियड ड्रामा को लेकर एक्साइटेड नहीं थे। अब जब भंसाली ने एक्टर को 'लव एंड वॉर' ऑफर की तो रणबीर, वाइफ आलिया भट्ट के साथ बोर्ड पर आने को तैयार हो गए।' फिल्म से जुड़े सूत्रों ने यह भी बताया कि रणबीर इस फिल्म पर अपनी टर्म्स और कंडीशन पर काम कर रहे हैं। सूत्र ने आगे बताया, 'कॉन्ट्रैक्ट में रणबीर की शर्तें काफी स्पेसिफिक हैं। रणबीर ने भंसाली से टाइमलाइन के हिसाब से ही शूट करने की मांग की है। मेकर्स ने भी यह प्रॉमिस किया है कि वो इस साल नवंबर तक इस फिल्म को फ्लोर पर ले जाएंगे और अगले साल जुलाई तक इसकी शूटिंग पूरी कर देंगे। अगले साल अगस्त से रणबीर अपने दूसरे वर्क कमिटमेंट्स पर जुट जाएंगे।' इसके अलावा कॉन्ट्रैक्ट में रणबीर ने यह शर्त भी रखी है कि वो फिक्सड वर्किंग आवर्स में ही काम करेंगे। वो इस फिल्म को तकरीबन 270 दिनों का वक्त देंगे। आखिरी कंडीशन यह भी है कि सेट पर सभी डिपार्टमेंट प्रॉपर डिसिप्लिन के साथ काम करेंगे। इससे पहले रणबीर का भंसाली के साथ काम करने के एक्सपीरियंस अच्छा नहीं रहा था।

दर्शकों को रिझाने में नाकाम रही ऋतिक की 'फाइटर'

ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण अभिनीत फिल्म 'फाइटर' दर्शकों को रिझाने में नाकाम साबित रही। यह अलग बात है कि उनकी इस फिल्म को अच्छे रिव्यूज मिले थे। लेकिन फिल्म दर्शकों के समझ नहीं आ रही है, जिसका नतीजा फिल्म के कलेक्शन पर पड़ रहा है और फिल्म हिट की जगह फ्लाप की तरफ बढ़ चुकी है। फिलहाल ऋतिक का काम जनता को बहुत पसंद आया। ट्रेलर को मिले शानदार रिस्पॉन्स बावजूद, फिल्म को के पहले दिन वैसी शुरुआत नहीं मिली जैसी ऋतिक जैसे सुपरस्टार से उम्मीद की जाती है। मगर गणतंत्र दिवस के दिन फिल्म को बड़ा जंप मिला और फिल्म ने एक दिन में 41 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन कर डाला। शनिवार-रविवार भी फिल्म ने ठीकठाक कलेक्शन के साथ अपना सफर जारी रखा। मगर मंडे टेस्ट में 'फाइटर' बहुत कमजोर पड़ी और संडे के मुकाबले फिल्म की कमाई 70% तक कम हो गई। अब मंगलवार को फिल्म की कमाई के अनुमान सामने आने लगे हैं और यहां भी फिल्म के लिए कोई खास अच्छी खबर नहीं नजर आ रही। ऋतिक की फिल्म ने रविवार के 30 करोड़ के मुकाबले, सोमवार को 8 करोड़ रुपए ही कमाए।

संसद में दिखाई जाएगी विवेक की 'द वैक्सीन वॉर'

फिल्ममेकर विवेक रंजन अग्निहोत्री समाज के लिए रियलिटी बेस्ड फिल्में बनाते हैं। वह साल 2022 में अपनी फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद से ज्यादा चर्चा में आए। इसके बाद उन्होंने कोरोना महामारी के वक्त आई वैक्सीन की स च्ची कहानी पर आधारित फिल्म बनाई, जिसका टाइटल है 'द वैक्सीन वॉर'। अब ये फिल्म देश के संसद में दिखाई जाएगी। विवेक अग्निहोत्री ने इस खबर को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए खुशी जाहिर की। खबर का वीडियो क्लिप शेयर करते हुए विवेक अग्निहोत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, वाह! सुबह-सुबह यह तो बड़ी अच्छी खबर है। मैं सभी वैज्ञानिकों के लिए बहुत खुश हूं।' 'द वैक्सीन वॉर' ने हर किसी के दिमाग पर अच्छा प्रभाव छोड़ा, अपनी जबरदस्त स्टोरीटेलिंग और उल्लेखनीय निर्देशन से फिल्म के साथ कुछ साहसिक सच्चाइयों को उजागर किया है। फिल्म ने अपने थिएट्रिकल रन और डिजिटल रिलीज के दौरान धूम मचा दी थी। अब इसको देश की संसद के सदस्यों के लिए शोकेस किया जाने वाला है।

सलमान के प्रोडक्शन हाउस के नाम पर हो रहा फ्रॉड, चेताया

सलमान खान के प्रोडक्शन हाउस सलमान खान फिल्म्स ने एक स्टेटमेंट जारी कर एक्टर्स और एक्ट्रेसेज को मिलने वाले फेक कॉल्स के आगाह किया है। प्रोडक्शन हाउस की ओर से कहा गया कि फिलहाल वो किसी फिल्म के लिए कास्टिंग नहीं कर रहे हैं। कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं। साथ ही ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की भी बात कही गई। सलमान खान प्रोडक्शन हाउस ऑफिशियल ट्विटर हैंडल से किए ट्वीट से ये तो साफ है कि वो फलहाल किसी फिल्म की कास्टिंग नहीं कर रहे हैं। प्रोडक्शन हाउस के जानने में ऐसे कई मामले आए जहां लोगों से एसकेएफ के बैनर तले बनी रही फिल्म को लेकर कास्ट करने की बात कही गई। इस कास्टिंग में सलमान खान का भी नाम इस्तेमाल किया गया। एक्टर का नाम बदनाम ना हो इसके लिए टीम ने ट्विटर पर एक एडवायजरी जारी की और लोगों को अलर्ट किया। प्रोडक्शन टीम ने लिखा- ये साफ कर दें कि ना तो सलमान खान और ना ही सलमान खान फिल्म्स फिलहाल कोई कास्टिंग कर रहा है। हमने अपनी किसी फ्यूचर फिल्म के लिए कोई कास्टिंग एजेंट्स हायर नहीं किए हैं। इससे जुड़े ऐसे किसी भी ईमेल या मैसेज जो आपको मिले हों।

डीएम बन गए टीचर, बच्चों से पूछे सवाल

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं एवं बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शनिवार को जिला अधिकारी मनीष

कुमार वर्मा ने उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम गेझा विकासखंड बिसरख का स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान जिलाधिकारी टीचर बन गए और उन्होंने स्कूल में पढ़ रहे बच्चों से सवाल पूछे।

जिला अधिकारी ने इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य/अध्यापकगणों को निर्देश दिए कि स्कूलों में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को सभी मूलभूत सुविधाएं एवं शिक्षा मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराई जाए साथ ही उन्होंने उपस्थिति पंजिका की जांच करते हुए अध्यापक गणों को निर्देश दिये कि बच्चों की उपस्थिति पर विशेष फोकस रखा जाए और जो बच्चा नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहा है, अध्यापक गण स्कूल के उपरांत ऐसे बच्चों के घर जाकर फीडबैक ले की बच्चा स्कूल क्यों नहीं आ रहा और उनके अभिभावकों को बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए जागरूक करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता सन्तोषजनक पायी गयी।

जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में साफ सफाई एवं शिक्षा की गुणवत्ता एवं अवकाश सम्बन्धी नियमों का अनुपालन किये जाने एवं स्कूलों में बच्चों को मिलने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ0 धर्मवीर सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पंवार, प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ यशपाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह एवं संबंधित अधिकारी अधिकारी गण उपस्थित रहे।

जापानी कंपनी के साथ साझेदारी करेगा एमिटी

नोएडा (चेतना मंच)। जापान के सेकिशो केारपोरेशन के अध्यक्ष मेसाकी सेकी

के नेतृत्व में एक वरिष्ठ नेतृत्व दल और जापान के सरकारी प्रतिनिधियों सहित इबाराकी प्रान्त के प्रतिनिधियों ने एमिटी विश्वविद्यालय का दौरा किया।

इस दौरान एमिटी टेक्निकल प्लेसमेंट सेंटर द्वारा एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए जापानी कंपनी जॉब फेयर का भी आयोजन किया गया है जिसमें जापान की 4 कंपनियां सेकिशों कोरपोरेशन, सेकिशों इंजिनियरिंग, कुराकावा कंपनी लिमिटेड, निट्टो इलेक्ट्रिक कंपनी शामिल है।

जापान के सेकिशो केारपोरेशन के अध्यक्ष मेसाकी सेकी ने कहा कि हमारा एमिटी विश्वविद्यालय के साथ सहयोग करने का उद्देश्य यह है कि 2020 में कोविड के प्रकोप के बाद हमारी कंपनी ने विभिन्न विश्वविद्यालयों से संर्पक किया लेकिन एमिटी का सहयोग सराहनीय रहा। हम इस पारस्परिक लाभकारी साझेदारी से बेहद प्रसन्न है। जापान का इबाराकी प्रान्त अधिक से अधिक भारतीयों को अपने कार्यबल का हिस्सा बनाने के लिए बहुत उत्सुक है। भारतीयों में अपार क्षमता और असाधरण गुण है। हम चाहते है कि सेकिशो कोरपोरेशन में विभिन्न राष्ट्रीयताओं के लोग काम करें। सेकिशों कोरपोरेशन ने अभी 116 वर्ष पूरें किये है हमें इस विशाल मील के पत्थर पर गर्व है।

एमिटी विश्वविद्यालय के चांसलर डा अतुल चौहान ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हम इस साझेदारी से बेहद खुश और गौरवांवित है। क्योंकि सेकिशों कोरपोरेशन के साथ मित्रता एक बड़ा बंधन साझा करते है जैसा की एमिटी में जापानी डेस्क की स्थापना करने कंपनी पहले ही स्थापित कर चुकी है। डा चौहान ने कहा कि भारत के युवा बेहद अनुकूलनीय, मेहनती और सफलता के लिए जूनूनी है। अपने संगठन के प्रति वफादार और महान मूल्यों और नैतिकता को दर्शाते है।

एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला ने कहा कि सेकिशो कोरपोरेश और एमिटी विश्वविद्यालय के मध्य हुई यह साझेदारी दोनों संस्थानों के लिए लाभप्रद होगी।

इस कार्यक्रम में एमिटी टेक्निकल प्लेसमेंट सेंटर के उपनिदेशक श्री अंजनी कुमार भटनागर, एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डा मनोज पांडेय उपस्थित थे।

तीनों तहसीलों में दर्ज हुई 162 शिकायतें, मौके पर निपटाई आठ

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं के निवारण के लिए गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 162 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें से 8 शिकायतों का निपटारा विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही किया गया। जिलाधिकारी द्वारा तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की गई।

इस अवसर पर जिला अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं।

जिलाधिकारी के द्वारा ईवीएम प्रदर्शन केंद्र पर पहुंचकर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से तहसील में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केंद्र व पंजिका का अवलोकन किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि

अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा जन सामान्य प्रदर्शन केंद्र पर पहुंचकर अपने वोट की पुष्टि कर सकें। उन्होंने बताया कि ईवीएम प्रदर्शन केंद्र के द्वारा मतदाताओं को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन का उपयोग करके मतदान करने के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर वेद प्रकाश पाण्डे, मुख्य विकास अधिकारी जर्नादन सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील शर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी प्रमोद कुमार एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी प्रकार दादरी तहसील में अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉ नितिन मदान की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ, जहां पर कुल 103 शिकायतें जनता के द्वारा दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष विभागीय अधिकारियों के माध्यम से 05 शिकायतों का निराकरण मौके पर ही कराया गया।

जेवर तहसील में अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 बलराम सिंह की अध्यक्षता में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, यहां पर जनता के द्वारा कुल 44 शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई, जिसके सापेक्ष 02 शिकायतों का निस्तारण अंधिकारियों के माध्यम से मौके पर सुनिश्चित कराया गया।

ग्रेटर नोएडा में नहीं होगी पानी की कमी, प्राधिकरण ने बनाई योजना

अक्सर आरोप लगते हैं कि सरकारी मशीनरी समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं करती है। इस प्रकार के आरोप ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर भी लगते रहे हैं। इन आरोपों से बचने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने दूरगामी योजना बनाई है। प्राधिकरण के सीईओ.... रवि कुमार एन जी ने भविष्य की योजना के तहत यह तय किया है कि गर्मी के मौसम में ग्रेटर नोएडा शहर में पानी की कमी नहीं होने देंगे।

क्या है योजना

आपको बता दें कि ग्रेटर नोएडा शहर में गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी की किल्लत शुरू हो जाती है। आने वाले गर्मी के मौसम में ग्रेटर नोएडा में पानी की किल्लत न होने पाए इसके लिए अभी से योजना बनाकर काम शुरू किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ.... रवि कुमार एन जी ने बताया कि ग्रेटर नोएडा शहर में पानी की किल्लत को गर्मियों से पहले दूर करने के लिए प्राधिकरण ने जलापूर्ति समेत अन्य 35 कार्यों के लिए 66 करोड़ रुपये के टेंडर जारी किए हैं। सेक्टरों में ट्यूबवेल, राइजिंग मेन और क्लोरीनेशन कार्यों के दो साल के लिए मेंटेनेंस और संचालन पर 25.52 करोड़ रुपये खर्च होगा, जबकि अन्य

कार्यों पर 16 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

ग्रेनो में पानी की आपूर्ति को लेकर आए दिन सेक्टर और सोसाइटी के लोग परेशान कर ट्यूबवेल, रहते हैं। प्राधिकरण अधिकारियों का दावा है कि 55 सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है। निवासियों की समस्या को देखते हुए प्राधिकरण ने सेक्टरों-गांवों में मरम्मत और रखरखाव के कार्यों के लिए करीब 50 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाते हुए टेंडर जारी कर दिए हैं। इनमें कुछ गांवों में सड़क और अन्य कार्य भी शामिल हैं, जिनके 16 करोड़ के टेंडर नहीं जारी किए हैं।

यह कार्य भी

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जलापूर्ति विभाग के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम ने बताया कि सेक्टर-16 बी, 16सी, टेकजोन फोर में डिस्ट्रीब्यूशन लाइन उपलब्ध कराने और पाइपलाइन बिछाने के कार्य भी होंगे। ओएसडी परियोजना हिमांशु वर्मा ने बताया कि पानी के अलावा जैतपुर-वैशपुर स्थित बरातघर व श्मशान घाट की मरम्मत, सेक्टर ज्यू टू व म्यू टू में अफोर्डेबल हाउसिंग में मरम्मत कार्य, गैलेक्सी वेगा सोसाइटी के पास 100 मीटर मास्टर ग्रीन बेल्ट में ओपन जिम स्थापित करने और पांच वर्ष तक का अनुरक्षण कार्य, नवादा- गुलिस्तानपुर के बरात घर की मरम्मत, मलकपुर में सीसी रोड व नाली की मरम्मत के कार्य आदि शामिल हैं।

सेक्टर-62 रजत बिहार में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

नोएडा (चेतना मंच)। रजत विहार, सी-ब्लॉक सोसाइटी के बच्चों के लिए एचसीएल फाउंडेशन के सहयोग से माई क्लीन सिटी कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सोसाइटी के योगा पॉइंट पर किया गया। इसमें पर्यावरण बचाएं विषय पर बच्चों के दो समूह बनाए गए, पहली आयु श्रेणी-10 वर्ष से कम, जहां प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित की। और, दूसरी आयु श्रेणी 10 वर्ष से ऊपर में पर्यावरण बचाएं थीम पर बच्चों ने चित्रकला बनाकर नारे लिखना था। दोनों श्रेणियों में बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

प्रतियोगिता में सभी आवश्यक ड्राइंग सामग्री सीईई-एचसीएल फाउंडेशन द्वारा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में उर्मिला बिष्ट, शीतल भाटी, रोली शर्मा, नेहा कुमार, पूजा पांडे, राखी बिष्ट और सोसाइटी की अन्य महिलाओं इत्यादि ने सहयोग किया।

किसानों पर बर्बरता करने वाले पुलिसकर्मियों पर करेंगे एफआईआर : नूतन ठाकुर

नोएडा (चेतना मंच)। किसानों पर अत्याचार तथा बर्बरतापूर्ण कार्यवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफआजाद अधिकार

सेना पार्टी एफ्आईआर दर्ज कराकर उन पर कानूनी कार्यवाही कराएगी। यह ऐलान किया उत्तर प्रदेश के चर्चित आईपीएस अधिकारी रहे अमिताभ ठाकुर की धर्मपत्नी तथा आजाद अधिकार सेना पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव डा. नूतन ठाकुर ने। उन्होंने चेतना मंच से बातचीत में कहा कि नोएडा के 81 गांव के किसान पिछले 51 दिनों से अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं। शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन करने के बाद पुलिस ने उनके गांव घुसकर बर्बरतापूर्ण कार्यवाही की। पुलिस की इस कार्यवाही को कई महिलाओं ने वीडियो भी उन्हें दिखाए। वीडियो देखकर ऐसा लगता है कि पुलिस की नजर में ये अन्नदाता नहीं बल्कि कोई आतंकवादी हों। उन्होंने कहा कि वे किसानों के इस आंदोलन के साथ खड़े रहेंगे तथा उन्हें न्याय दिलाकर ही दम लेंगे।

आजाद अधिकार सेना पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर तथा नूतन ठाकुर ने आज नोएडा प्राधिकरण तथा एनटीपीसी में पिछले 50 दिनों से धरने पर बैठे किसानों से मुलाकात की तथा उनके आंदोलन को पूरा समर्थन देने की का ऐलान किया।

अमिताभ ठाकुर ने कहा कि भाजपा किसानों तथा मजदूरों का शोषण कर रही है। उनके वाजिब हक मांगने पर भी उनको प्रताड़ित किया जा रहा है। नोएडा तथा एनटीपीसी में पिछले 51-52 दिनों से शांतिपूर्ण तरीके से किसान धरना दे रहे हैं, लेकिन प्राधिकरण उनकी एक भी मांग पूरी नहीं कर रहा है। अपनी जमीन गंवाने के बाद किसान अपने हक के लिए आंदोलन कर रहे हैं तथा पिछले कई दिनों से सड़कों पर धरने में बैठे हैं। इसकी बावजूद भी इस सरकार को धरती पुत्रों पर जरा भी रहम नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी किसानों के शोषण को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

अमिताभ ठाकुर तथा डॉक्टर नूतन ठाकुर ने ऐलान किया कि वह 8 फरवरी को किसानों के दिल्ली कूच को पूरी तरीके से समर्थन देंगे। इससे पूर्व अमिताभ ठाकुर तथा डॉक्टर नूतन ठाकुर ने एनटीपीसी तथा नोएडा प्राधिकरण पहुंचे तथा उन्होंने भारतीय किसान परिषद के अध्यक्ष सुखबीर पहलवान से मुलाकात की तथा आंदोलन के बारे में उनसे पूरी जानकारी ली।

इस मौके पर अमिताभ ठाकुर तथा डॉ नूतन ठाकुर ने मीडिया को बताया कि भाजपा शासन में किसानों पर जगह-जगह अत्याचार हो रहे हैं। यह सरकार पूरी तरह किसान विरोधी सरकार है लेकिन वह किसानों के आंदोलन को व्यर्थ नहीं होने देंगे। किसानों के साथ में कंधा से कंधा मिलाकर उनके आंदोलन में भाग लेंगे तथा उनको न्याय दिलाकर ही दम लेंगे।

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!

Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED
startupindia
MSME MICRO, SMALL & MEDIUM ENTERPRISES
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com